दैनिक
**संस्करण :** जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2010/35060

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 16 | अंक : 72 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00 | जयपुर। मंगलवार, 13 जनवरी 2026 | माघ माह, कृष्ण पक्ष दशमी, संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan





## मोदी जर्मन चांसलर से मिले, साथ मिलकर पतंग उड़ाई

# पीएम ने कहा : भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी, भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कनवेंशन सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद पीएम ने कहा- भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी हैं। इसीलिए आज भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां हैं। यह जर्मनी के भारत के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है। भारत और जर्मन नई परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत और जर्मनी हरेक फील्ड में मिलकर काम कर रहे हैं। आज हुए एमओयू से और मजबूती बढ़ेगी। भारत और जर्मनी हरेक फील्ड में मिलकर काम कर रहे हैं। आज हुए एमओयू से और मजबूती बढ़ेगी।

### पीएम मोदी के संबोधन की 5 बड़ी बातें...

- चांसलर मर्ज की ये यात्रा एक विशेष समय पर हो रही है। पिछले वर्ष हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किए और इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष भी मना रहे हैं।
- भारत-जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मैं चांसलर मर्ज का आभार व्यक्त करता हूं।
- रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। बढ़ते व्यापार और निवेश संबंधों ने हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को नई ऊर्जा दी है।
- भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि ग्लोबल चुनौतियों से निपटने के लिए ग्लोबल इंस्टीट्यूशन में सुधार बहुत जरूरी है।
- आज हायर एजुकेशन पर बना रोडमैप शिक्षा के क्षेत्र में हमारी साझेदारी को नई दिशा देगा। मैं जर्मन विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने का आमंत्रण देता हूं।

### एकसाथ कार में बैठे मोदी-मर्ज

मोदी और फ्रेडरिक मर्ज सभी कार्यक्रमों के बाद एक ही कार में साथ सफर किया। इसकी फोटो पीएम मोदी ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर साझा की। उन्होंने लिखा- भारत और जर्मनी की दोस्ती साझा मूल्यों, व्यापक सहयोग और आपसी समझ के जरिए लगातार मजबूत हो रही है। यह तस्वीर दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत तालमेल का प्रतीक मानी जा रही है।

### दोनों नेता सुबह साबरमती आश्रम पहुंचे

दोनों नेताओं ने सोमवार सुबह सबसे पहले अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी को नमन किया था। आश्रम के बाद मोदी-मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट पहुंचे थे। यहां पर इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल में शामिल होकर साथ में पतंग उड़ाई थी। वहीं, पीएम मोदी के तीन दिन के गुजरात दौरे का आखिरी दिन है।



## आईसीसी बोला-बांग्लादेश को भारत में ही टी20 वर्ल्डकप खेलना होगा

### वेन्यू बदलने की मांग खारिज; कहा- हमने जांच की




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग खारिज कर दी है। आईसीसी ने साफ किया कि वर्ल्ड कप के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा। हालांकि, बाद में इस पोस्ट को डिलीट किया और आईसीसी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी देते हुए दूसरा पोस्ट किया। आईसीसी ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट की जांच में पाया कि बांग्लादेश टीम और अधिकारियों को भारत में कोई खतरा नहीं है। खासतौर पर कोलकाता और मुंबई में बांग्लादेश के तय मुकाबलों को लेकर जोखिम को सुरक्षा इंतजामों से संभाला जा सकता है।

## सीबीआई ने सुपरस्टार विजय से 6 घंटे पूछताछ की

### एक्टर बोले- भगदड़ के लिए हम जिम्मेदार नहीं; करूर में 41 लोगों की मौत हुई थी




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/;चेन्नई ( एजेंसी )।** सीबीआई ने सोमवार को तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में तमिलगा वेट्री कजगम चीफ एक्टर विजय थलापति से 6 घंटे पूछताछ की। विजय सुबह 11.29 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच काली रेंज रोवर से नई दिल्ली के सीबीआई हेडकॉर्टर पहुंचे थे, शाम को लगभग 6.15 बजे बाहर निकले। सीबीआई के अधिकारी ने न्यूज एजेंसी से कहा कि विजय को फिर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। विजय ने सीबीआई से कहा कि उनकी पार्टी भगदड़ के लिए जिम्मेदार नहीं है। भगदड़ के बाद हालत और न बिगड़े इसलिए वे उस दिन रैली वाली जगह से रवाना हो गए थे। दरअसल 27 सितंबर 2025 को करूर में विजय की रैली के दौरान भगदड़ हुई थी।

### मांचवा में गैर मुनकीन नदी खसरा नं 29/1086 व 271/1088 का मामला

## झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में गैरमुनकीन नदी पर भूमाफिया का कब्जा, प्रशासनिक कार्रवाई ठप

### तहसीलदार ने जेडीए क्षेत्र बताकर पल्ला झाड़ा, नामजद अतिक्रमी के बावजूद थाने में कार्रवाई शून्य

बढ़ता राजस्थान

**कालवाड ( झाबर सिंह धायल )।** झोटवाडा विधान सभा के कालवाड तहसील क्षेत्राधिकार मांचवा में गैरमुंकीन नदी की जमीन पर एक भूमाफिया द्वारा अवैध अतिक्रमण का मामला थाने तक पहुंचा। जिस पर प्रभावशाली भूमाफिया तार बाउंड्री कर अवैध अतिक्रमण कर लिया और उस जगह कच्चा निर्माण कर एक महिला को खातेदार बना दिया । अब भूमाफिया उस पर आवासीय कोलोनी सर्जित करना चाहता है। जबकी उक्त भूमी पर पहले से आवासीय कॉलोनी सर्जित बताई गई है। मामला मांचवा के गैर मुनकीन नदी की खसरा नं 29/1086 व 271/1088 का है जिस पर ग्रामिणो की शिकायत पर तहसीलदार कालवाड जयपाल सिंह कार्यालय आदेश जारी संख्या भूअभिलेख 25/6357 की पालना के लिए 30दिसंबर2025 को मोका रिर्पोट में उन सभी खसरों पर राजकीय सिवायचक जमाबंदी खाते में दर्ज मानी गई। पटवारी अभय सिंह राठोड ने मोका रिर्पोट में जमीन पर जाली फेसिंग एटिनशेड का कमरा बना हुआ पाया गया। मैके पर उपस्थित व्यक्तियों से अतिक्रमण करने वाले अतिक्रमी के बारे में पहुंचा तो उन्होने अजित चोधरी निवासी पार्थसिटी कालवाड रोड जयपुर बताया गया इस बारे में कालवाड तहसीलदार जयपाल सिंह शेखावत ने बताया की अतिक्रमण का मामला आया हुआ है जिसकी रिर्पोट जेडीए को भेजी गई क्योकि जेडीए क्षेत्राधिकार होने पर कार्यवाही करने में तहसील असर्मथ है। अगर अतिक्रमण का का मामला है तो अतिक्रमी को नोटीस देखकर जुर्माना लाया जा सकता है।



#### जानने के लिए होने वाली कार्रवाइयां

जुर्माना और कैद-भारतीय दंड सहिंता आईपीसी की धारा 447के तहत 3 महिने तक की कैद या जुर्माना अथवा दोनो हो सकते है नए कानून के तहत यह 10हजार रूपये का जुर्माना या 6महिने की कैद या दोनो हो सक्ते है।

#### अतिक्रमी का कहना

जब अतिक्रमण करने वाले अजित चौधरी से दुरभाष पर जानकारी ली तों बताया की ऐसा कोई मामला नहीं है मेने पूरे दस्तावेज तहसील,थाना और जेडीए में भिजवा दिये है।

#### इनका कहना

**इस मामले में बढ़ता राजस्थान संवाददाता ने कालवाड थानाधिकारी नवरतन धौलियां से जानकारी मांगी तो बताया की अभी कोई कार्यवाही नहीं हुई दस्तावेज मंगवाऐ है कोई नामजद रिर्पोट नहीं आई जबकी पटवारी की रिर्पोट थानाधिकारी को संवाददाता ने स्वंय के मोबाईल से भेजी गई है । और पटवारी मोको रिर्पोट में अतिक्रमी का नाम अजित चौधरी दर्शाया गया है। नामजद रिर्पोट होने पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई।**

## ट्रम्प बोले- अब मैं वेनेजुएला का एक्टिंग प्रेसिडेंट

### सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट किया, जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का एक्टिंग प्रेसिडेंट बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट की है। इसमें ट्रम्प की तस्वीर के साथ एक्टिंग प्रेसिडेंट ऑफ वेनेजुएला ( वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति) लिखा है। पोस्ट में जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र है। इसके अलावा ट्रम्प ने खुद को अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के तौर पर भी दिखाया है। पोस्ट को लेकर व्हाइट हाउस या अमेरिकी प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले 3 जनवरी को अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क लाया गया।



## जावेद अख्तर बोले-हिन्दी और उर्दू खड़ी बोली की बेटियां

### भाषा का संबंध किसी धर्म से नहीं, क्षेत्र और समाज से होता है

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** सिनेमा जगत के दिग्गज कवि-गीतकार जावेद अख्तर ने कहा कि बांग्लादेश का इतिहास बताता है कि लोग अपनी मातृभाषा बांग्ला के लिए खड़े हुए। मुस्लिम होने के बावजूद उन्होंने उर्दू को अपनाना जरूरी नहीं समझा, क्योंकि भाषा आस्था से नहीं, पहचान से जुड़ी होती है। हिंदी और उर्दू की व्याकरण एक ही है और यह बहुत कम देखने को मिलता है। ये दोनों एक ही मां 'खड़ी बोली' की बेटियां हैं। अख्तर ने कहा कि किसी भाषा को किसी धर्म से जोड़ना सही नहीं है। भाषा का संबंध धर्म से नहीं, बल्कि क्षेत्र और समाज से होता है। यूरोप इसका बड़ा उदाहरण है, जहां एक ही धर्म के बावजूद अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। गुलाबी शहर जयपुर में सांस्कृतिक रंगों से सजा 'जनवरी ऑफ जयपुर' उत्सव जयमहल पैलेस में भव्य अंदाज में आयोजित हुआ, जहां साहित्य और सिनेमा जगत के दिग्गज कवि-गीतकार जावेद अख्तर और सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और पं. बिरजू महाराज जी की पौत्री शिंजिनी कुलकर्णी के बीच रोचक संवाद ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## राज ठाकरे बोले- यूपी-बिहार वाले महाराष्ट्र में हिंदी न थोपें

### वरना लात मारूंगा; मुंबई गुजरात को नहीं मिला, इससे कुछ ताकतें अब भी नाराज

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर दादर स्थित शिवतीर्थ मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मराठी एकता का आह्वान किया और कहा कि राज्य की भाषा, जमीन और पहचान पर खतरा है। राज ठाकरे ने कहा- उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को महाराष्ट्र में हिंदी थोपने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मुझे किसी भाषा से नफरत नहीं है, लेकिन अगर इसे थोपने की कोशिश करोगे तो मैं आपको लात मारूंगा।

एमएनएस प्रमुख ने कहा- कुछ ताकतें अभी भी इस बात से नाराज हैं कि मुंबई, गुजरात के बजाय महाराष्ट्र को मिल गया। वे अब अडाणी ग्रुप के जरिए मुंबई और मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन पर कंट्रोल हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। राज्य के लगभग हर बड़े क्षेत्र में अडाणी समूह की भागीदारी बढ़ती जा रही है।

# सनातन सम्पत्तियों के संरक्षण की मांग, अनशन की चेतावनी



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रामझरोखा प्रन्यास की भूमि पर अवैध लीज व बने अवैध पट्टों के प्रकरण मामले में स्वयंसेवी संस्था हिंदू वेव संयोजक हरीश दवे ने अनशन की चेतावनी दी है। साथ ही सनातन धर्म की संपत्तियों के संरक्षण को लेकर समुचित कार्यवाही किए जाने की मांग रखी है। इस सम्बंध में जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। हिन्दू वेव संयोजक हरीश दवे ने बताया कि सनातन धर्म की आस्था के प्रमुख केंद्र व रामझरोखा, अर्बुदा डेयरी खातेदारी के एमओयू, लाल वेरा व सारणेश्वर गोचर की भूमि के मसलों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इसमें बताया है कि सिरोही में धार्मिक सम्पतियों की अवैध खरीद-फरोख्त को लेकर क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है। जिला प्रशासन की जानकारी में सारे तथ्य है फिर फिर भी ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही। ज्ञापन में रामझरोखा की मंदिर मूर्ति की सम्पतियों की समुचित सुरक्षा करते हुये तत्काल रिसीवर नियुक्त कराने, निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराने, नगर परिषद से जारी आठ पट्टे व लीज दस्तावेज को निरस्त करने तथा मंदिर की सम्पति मंदिर को सुपुर्द करने की मांग की है। लाल वेरा हिन्दू श्मशान सभा सिरोही की सम्पति की समुचित सुरक्षा करते हुए न्यायालय के आदेश अनुरूप ट्रस्ट का गठन करने, दुधिया तालाब को सुरक्षित करते हुए सीमांकन करने एवं अतिक्रमण हटाने तथा शहर के घुमंतू गोवंश को सुरक्षित रखने के लिए सरकार से वित्त पोषित गोशालाओं में भेजे जाने की मांग रखी है।

# लायन्स क्लब अरावली का बेदला में अरावली नेत्र चिकित्सालय प्रारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अरावली लायन्स ट्रस्ट व लायन्स क्लब अरावली के संयुक्त तत्वावधान में आज बेदला स्थित अरावली नेत्र चिकित्सालय परिसर में अरावली नेत्र चिकित्सालय का आज समारोहपूर्वक शुभारम्भ किया गया। नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन लायन्स प्रान्त 3233ई-2 के प्रान्तपाल रामकिशोर गर्ग,मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल जैन,प्रसिद्ध उद्योगपति हेमन्त छाजेड, आईआईएफएल के सीएमडी निर्मल जैन, लायन्स मल्टीपल कोन्सिल चेयरमैन अरविन्द चतुर,आरएनटी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. आर.एल.सुमन ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर प्रान्तपाल लायन गर्ग ने कहा कि लायनवाद दृष्टिहीनता को दूर करनें में विश्व में अग्रणी बना हुआ है। साईट फर्स्ट लायनवाद की प्राथमिकता बनी हुई है। गर्ग ने क्लब के 15 एमजेएफ सदस्यों को मेडल एवं सदस्यों को लायन्स पिन प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक किरण जैन ने गर्ग का परिचय दिया।

ट्रस्ट चेयरमैन आर.पी.गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सालय सेवा, करूणा, एवं मानवता का प्रतीक बना है। इसके निर्माण में सभी भामाशाहों एवं सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

इस अवसर पर लायन्स अरावली ट्रस्ट के सचिव श्याम सिरोया ने बताया कि इस नेत्र चिकित्सालय का आज से विधिवत शुभारम्भ हो गया है। नेत्र चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र माथुर मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को प्रातः दस बजे से साढ़े बारह बजे तक रोगियों को निःशुल्क सेवायें देंगे। चिकित्सक द्वारा आपरेशन हेतु चयनित किये गये जरूरतमंद नेत्र रोगियों को ट्रस्ट की ओर से निःशुल्क ऑपरेशन कराकर दवाईयां एवं चश्मे निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे।

सिरोया ने बताया कि सुंदर भवंर फाउण्डेशन ट्रस्ट मुबंई द्वारा चिकित्सालय को आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

समारोह में चेयरमैन आर.पी.गुप्ता, ट्रस्ट सचिव श्याम सिरोया,ट्रस्ट कोषाध्यक्ष रूपलाल जैन,क्लब अध्यक्ष डॉ.पुष्पा जैन,कार्यक्रम संयोजक किरण जैन, क्लब सचिव अनिता भण्डारी,कोषाध्यक्ष सुभाष मेहता,रमेश जैन,सुनील छाजेड़,गीता सिरोया, सपना गुप्ता,ममता छाजेड़,रिजन चेयरमैन अजय मोर, जोन चेयरमैन अनिल सिंघटवाड़िया सहित करीब 17 लायन्स क्लबों के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.ज्योति जैन ने किया। अंत में आभार ट्रस्ट कोषाध्यक्ष रूपलाल जैन ने ज्ञापित किया।

# डागरिया भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनें

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन महासभा शिरोमणि की नईदिल्ली में आयोजित हुई बैठक में महासभा के शिरोमणि संरक्षक धर्मेन्द्र सेठी ने महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद उदयपुर के धर्मप्रेमी सुन्दरलाल डागरिया के निर्विरोध चयन पर बधाई दी। इस नियुक्ति से समाज में हर्ष की लहर दौड़ गयी। सेठी ने कहा कि डागरिया के समाज के प्रति समर्पण,सेवा भावना,संगठनात्मक योग्यता एवं समाज हित में किये गये सेवा कार्यो के परिणाम स्वरूप महासभा ने यह नियुक्ति की है। उनकी इस नियुक्ति से निश्चित रूप से महासभा को नई दिशा और सशक्त नेतृत्व प्राप्त होगा। इस अवसर पर शहर विधायक ताराचंद जैन ने सुंदरलाल डागरिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बननें पर पुष्पहार प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर डागरिया ने कहा कि महावीर जैन समाज में चुनाव नहीं,चयन होना चाहिए।

# निजी बस में यात्री से पकड़ा डोडा-पोस्त

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** मंडार थाना पुलिस ने निजी बस में गुजरात जा रहे डोडा-पोस्त को बरामद कर यात्री को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार मंडार में जांच के दौरान एक निजी बस में 10 किलो 331 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया गया। मामले में आरोपी आलड़ी (भीनमाल-जालोर) निवासी सुरेशकुमार पुत्र जोगाराम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस खरीद-फरोख्त के सम्बंध में पूछताछ कर रही है।

# शहर के व्यस्त इलाकों में 'मौत के पिंजरे' बने ट्रांसफार्मर, सुरक्षा के नाम पर खानापूर्ति

## हादसे को न्योताः वन विभाग, गांधी स्टेडियम और धानमंडी के पास खुले पड़े हैं हाईवोल्टेज ट्रांसफार्मर, झूलती तारें बढ़ा रही हैं खतरा

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** शहर के मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर लगे हाईवोल्टेज विद्युत ट्रांसफार्मर इन दिनों आमजन के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। शहर के अति-व्यस्त इलाकों में लगे इन ट्रांसफार्मरों के चारों ओर न तो कोई सुरक्षा घेरा है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड। खुले में झूलती हाईवोल्टेज तारें किसी भी वक्त बड़े हादसे का सबब बन सकती हैं।

### सुरक्षा घेरा गायब, तारें बन रहीं खतरा

शहर के वन विभाग कार्यालय के समीप, गांधी स्टेडियम जैसे खेल परिसर और धानमंडी के मुख्य द्वार पर लगे ट्रांसफार्मर पूरी तरह असुरक्षित हैं। स्टेडियम के पास बच्चों और युवाओं का जमावड़ा रहता है, वहीं धानमंडी में किसानों और व्यापारियों की भारी आवाजाही होती है। इन स्थानों पर ट्रांसफार्मरों की तारें काफी नीचे तक झूल रही हैं, जो राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई हैं।



### पशुओं पर मंडरा रहा है खतरा

शहर में घूमने वाले आवारा पशु अक्सर इन खुले ट्रांसफार्मरों के पास चले जाते हैं। पूर्व में भी कई क्षेत्रों में करंट की चपेट में आने से पशुओं की मौत हो चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हल्की सी बारिश या हवा चलने पर इन खुले तारों से चिंगारियां निकलती हैं, जिससे आसपास के दुकानदारों और निवासियों में दहशत का माहौल रहता है। वहीं स्थानीय नागरिकों ने बताया कि विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया है। लोगों का मानना है कि जल्द ही इन ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके। सुरक्षा के उपाय जैसे कि फेंसिंग (चारों ओर जाली लगाना) और चेतावनी बोर्ड लगाना महत्वपूर्ण हैं।

# ऐश्वर्या मेरिटोरियस अवार्ड समारोह का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** ऐश्वर्या ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा ऐश्वर्या मेरिटोरियस अवार्ड समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस समारोह का उद्देश्य कक्षा 5 से 12 तक के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित कर प्रोत्साहित करना था। समारोह में कुल 150 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। समारोह में उदयपुर एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान किए गए। सम्मानित होने वाले विद्यालयों में बेदला राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, द स्टडी स्कूल, राजस्थान महिला परिषद विद्यालय, राजकीय गुरु गोविंद सिंह विद्यालय, बोहरा यूथ बोरा वाड़ी और इंडो अमेरिकन पब्लिक स्कूल व अन्य विद्यालय सम्मिलित रहे। समारोह के दौरान प्राचार्य सुरेश भट्ट ने अपने भाषण में कहा, हमारे विद्यार्थियों ने यह साबित किया है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से सफलता प्राप्त की जा सकती है। यह अवार्ड उनके शैक्षणिक प्रदर्शन का प्रमाण है और यह उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने का एक माध्यम है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि यह जीवन के हर पहलू में सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में अतिथि गुरु नानक गर्ल्स पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर अनिल कोठारी ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक सफलता के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री श्रुति ने किया। कार्यक्रम प्रभारी मेघा विजय वर्गी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों हर्ष पालीवाल, सिद्धार्थ चौबिसा, सुहानी दवे, और कनिष्क जैन, प्रखर शाह, विवेक पुरबिया, दिव्यांश तलवाड़िया और कृषि जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संतोष डांगी द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों ने इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक, नैतिक और सर्वांगीण विकास के लिए एक प्रेरणादायक पहल बताया।

# चिकित्सा महकमे में पनप रहा भ्रष्टाचार, अवैध वसूली का आरोप

- भाजपा जिला पदाधिकारी ने चिकित्सा मंत्री को भेजा पत्र
- भ्रष्टाचार कर रहे अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** भाजपा जिला पदाधिकारी ने जिले के चिकित्सा महकमे में भ्रष्टाचार पनपने का आरोप लगाया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह को भेजे गए पत्र में कहा है कि झोलाछाप जगह-जगह क्लिनिक खोल कर बैठे हैं और चिकित्सा अधिकारी अवैध वसूली कर इनको संरक्षण दे रहे हैं। भ्रष्टाचार कर रहे अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने पत्र भेजकर आरोप लगाया कि सिरोही जिले में झोलाछाप पनप रहे हैं। गांवों में अवैध क्लिनिक संचालित कर मरीजों का इलाज करते है, लेकिन किसी की मौत के बाद ही विभाग हरकत में आता है। फिर एक-दो जनों के खिलाफ कार्रवाई की खानापूर्ति कर ली जाती है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। बताया कि इस तरह की कार्रवाई के लिए राज्य स्तरीय दिशा निर्देशानुसार एसडीएम के नेतृत्व में टीम भेजनी होती है, लेकिन जिलास्तरीय अधिकारी अपने स्तत पर ही डिप्टी सीएमएचओ या अपने मातहत कार्मिकों को भेजकर झोलाछापों पर कार्रवाई करवा रहे हैं।

### संरक्षण से फल-फूल रहे झोलाछाप

जिला मीडिया प्रभारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि एक-दो झोलाछाप पर कार्रवाई के बाद वसूली अभियान शुरू होता है। कार्रवाई के बाद भी झोलाछाप का क्लिनिक उसी गांव में चलता रहता है, लेकिन इसके बाद अधिकारी वहां नहीं पहुंचते। अधिकारियों के संरक्षण से जिले मे झोलाछाप फल-फूल रहे हैं।

### सख्त कार्रवाई से अंकुश लग सकेगा

चिकित्सा मंत्री को भेजे पत्र में उन्होंने मांग रखी है कि इसके लिए राज्यस्तर से टीम भेजी जाए, ताकि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे झोलाछापों पर सख्त कार्रवाई हो सके। इससे झोलाछापों पर कार्रवाई का डर बनाकर अवैध वसूली करने वाले अधिकारियों पर भी अंकुश लग सकेगा। जिले में पनप रहे भ्रष्टाचार से राज्य सरकार की छवि धूमिल हो रही है तथा कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी धरातल तक नही पहुंच पा रहा।

### मकर सक्रांति-लोहड़ी पर प्रागपुरा थाना सक्रिय

# पावटा व आसपास में सुरक्षा व यातायात नियंत्रण के विशेष इंतजाम

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** मकर सक्रांति एवं लोहड़ी के पर्व पर प्रागपुरा पुलिस थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। पर्व के मद्देनजर ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रागपुरा थाना प्रभारी भजना राम ने बताया कि त्योहार पर पतंगबाजी, सामूहिक आयोजन तथा बाजारों में बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए पुलिस टीम को अलग-अलग प्वाइंट्स पर तैनात किया गया है एवं थाना क्षेत्र में लगातार गश्त बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति एवं लोहड़ी शांति, आनंद और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाले पर्व हैं, ऐसे में पुलिस का दायित्व है कि क्षेत्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान विशेषकर हाईवे एवं आंतरिक सड़कों पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने वाहन चालकों व युवाओं से बिना हेलमेट, तेज गति तथा बिना नंबर प्लेट वाहन न चलाने की अपील की। थाना प्रभारी भजना राम ने बताया कि पावटा क्षेत्र में आमजन को यात्रिक्षा व जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक प्वाइंट पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि त्योहार पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि मकर सक्रांति का पर्व प्रागपुरा थाना क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए पुलिस व स्थानीय नागरिकों की सहभागिता महत्वपूर्ण व सराहनीय रहेगी।

# व्यवस्थाएं होंगी तो अप्रेल से शुरू करेंगे केंद्रीय विद्यालय



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुराना भवन परिसर में केंद्रीय विद्यालय का संचालन किया जाएगा। नया भवन बनने तक अस्थायी रूप से यहीं पर केंद्रीय विद्यालय संचालित रहेगा। अप्रेल माह से इसे सुचारू किए जाने के लिए केंद्रीय टीम ने सोमवार को व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसके लिए सोमवार को सिरोही पहुंची जालोर केंद्रीय विद्यालय की टीम ने सांसद लुम्बाराम चौधरी से भी मुलाकात की। सांसद ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय के लिए चयनित कमरों में मरम्मत व रंग-रोगन करवाया जा चुका है। टीम ने साफ-सफाई, प्रसाधन, पेयजल, पानी निकासी समेत अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूरा कराने के लिए सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान केवी प्राचार्य गोपाल मीणा, उपाचार्य बाबूलाल मीणा, एडीपीसी कांतिलाल आर्य, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र नानीवाल आदि मौजूद रहे।

# अभिभाषक संघ का सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट परिसर में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह

## अधिवक्ताओं ने न्याय व नैतिकता को सर्वोपरि रखने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** अभिभाषक संघ द्वारा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट परिसर में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पावटा बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामनिवास यादव ने की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसी जैन डॉक्टर अजय विश्नोई रहे। आयोजन में अध्यक्ष व मुख्य अतिथि का माला, साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। उपस्थित अभिभाषकों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा नए वर्ष में सौहार्द, सहयोग और न्याय व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह में मुख्य अतिथि एसी जैन डॉक्टर अजय विश्नोई ने कहा कि अधिवक्ता केवल अदालत में दलीलें देने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज और न्याय के बीच सेतु है। हमारा पेशा धैर्य, साहस, ज्ञान और नैतिक जिम्मेदारी का पेशा है। वकील किसी का खोया हक वापस दिलाते हैं और न्याय व्यवस्था को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि अदालत में दी गई हर दलील भविष्य के न्यायशास्त्र की नींव बनती है, इसलिए आवश्यक है कि अधिवक्ता सत्य, नैतिकता और न्याय को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पावटा बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि बार और बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। न्याय की प्रतिष्ठा तभी बनी रहती है जब दोनों के बीच संतुलन, सौहार्द और पारस्परिक सम्मान भरा हो। नए वर्ष में हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि न्याय जनता तक सरलता और सहजता से पहुंचे।

उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि नववर्ष नए लक्ष्य व नई ऊर्जा के साथ कार्य करने का समय है। कोषाध्यक्ष मुकेश यादव ने कहा कि न्याय व्यवस्था की मजबूती में अधिवक्ताओं का योगदान महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप बंसल, अधिवक्ता प्रेम प्रकाश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान पीपी अनिल यादव, धर्मपाल यादव, संजय यादव, प्रदीप सेन सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे। समारोह के दौरान पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, दीपक गोयल समेत अधिवक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। आयोजन में स्नेह, संवाद और संगठनात्मक एकता का सुन्दर वातावरण देखने को मिला।

# बच्चों को लावारिस न छोड़ें, परवरिश के लिए हमें दें

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** शिवगंज जिला अस्पताल में सोमवार से पालना गृह का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक प्राधिकरण सचिव सावित्री आनंद निर्भिक ने कहा कि अनचाहे बच्चों को लावारिस छोड़ने के बजाय पालनागृह में रखना चाहिए, ताकि उनकी समुचित परवरिश हो सके। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। सीएमएचओ डॉ.दिनेश खराड़ी ने बताया कि अनचाहे बच्चों को रखने के बजाय लोग अक्सर झाड़ियों में फेंक जाते हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। इस तरह के लोग अपना बच्चा पालनागृह में रख सकते हैं। इस दौरान एसडीएम नीरज मिश्र, तहसीलदार आशुराम, बीसीएमओ डॉ.कौशल ओहरी, पीएमओ डॉ.अखिलेश पुरोहित, राजेंद्र सोलंकी आदि मौजूद रहे।



# राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेशन पर आयोजित तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को किया संबोधित

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत)।** शिक्षा में मानवीय मूल्यों का समावेशन विषय पर आयोजित तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला के दौरान एक प्रेरणादायक एवं सार्थक संवाद देखने को मिला, जब राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर में प्रदेश भर से आए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों (सीबीईओ) को संबोधित किया एवं उनसे संवाद किया। इस कार्यशाला में कुल 326 सीबीईओ शामिल हुए, जो मूल्य-आधारित एवं समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रति राजस्थान सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने संबोधन में मंत्री ने सहानुभूति, ईमानदारी, जिम्मेदारी, सामंजस्य एवं नैतिक आचरण जैसे मानवीय मूल्यों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में समाहित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। संवादात्मक सत्र के दौरान सीबीईओ को जमीनी स्तर पर मूल्य-आधारित शिक्षा के क्रियान्वयन से जुड़े अपने अनुभव, चुनौतियाँ एवं सुझाव साझा करने का अवसर मिला। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) बिस्वजॉय चटर्जी, कुलपति, यूईएम जयपुर ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया और एक अच्छे मानव बनने के महत्व तथा नैतिक मूल्यों के संवर्धन में शैक्षणिक नेतृत्व की भूमिका पर प्रकाश डाला। मंच पर श्री सतीश गुप्ता जी, ओएसडी (शिक्षा), प्रो. एच. डी. चरण, पूर्व कुलपति, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, तथा मोती चंद यादव, सचिव, यूएचवी टीम भी उपस्थित रहे।



प्रतिभागियों ने विचार-विमर्श में सक्रिय सहभागिता निभाई और व्यक्त किया कि इस प्रकार के संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें अपने-अपने ब्लॉकों में शिक्षकों एवं विद्यालयों का प्रभावी मार्गदर्शन करने में सहायक सिद्ध होंगे। सभी 326 सीबीईओ ने इस दूरदर्शी पहल के लिए राजस्थान सरकार की सराहना की तथा इसे विद्यालयी शिक्षा के नैतिक एवं सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करने की दिशा में अत्यंत प्रासंगिक बताया।

कार्यशाला का समापन सकारात्मक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें नीति-निर्माताओं, प्रशासकों एवं शिक्षाविदों ने मिलकर राजस्थान की शिक्षा प्रणाली के केंद्र में मानवीय मूल्यों को स्थापित करने के लिए सामूहिक संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, कुलसचिव, यूईएम जयपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश यादव, एसोसिएट डीन (अकादमिक्स), यूईएम जयपुर के मार्गदर्शन में किया गया।

# तमन्ना राव बनीं मिस इंडिया ग्लैम 2026: श्वेता कुमावत ने जीता मिसेज इंडिया ग्लैम 2026 का खिताब

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट अनंता मिस एंड मिसेज इंडिया 2026 का ग्रैंड फिनाले भव्य अंदाज में आयोजित हुआ। देशभर से चयनित टॉप 80 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने तीन अलग-अलग फैशन सीक्वेंस में रैंप पर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और ग्रेस का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजक पवन टांक और शो डायरेक्टर कीर्ति टांक ने बताया कि ग्रैंड फिनाले के दौरान फाइनलिस्ट मॉडल्स ने प्रशांत पोद्दार (मंदाकिनी साड़ीज) के एक्सक्लूसिव डिजाइनर



कलेक्शन को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों और जजों से खूब सराहना मिली। रैंप पर मॉडल्स की चमक को और बढ़ाया संजय जोशी (एसकेजे ज्वेलर्स) की आकर्षक ज्वेलरी ने। वहीं सभी फाइनलिस्ट की स्टाइलिंग और मेकओवर पुखराज बिश्नोई (लैक्मे एकेडमी) द्वारा किया गया। पेजेंट की विजेताओं को तीन कार और पांच स्कूटी प्रदान की जाएंगी, जबकि रनरअप्स को गिफ्ट हैंपर्स के साथ-साथ कई अन्य आकर्षक उपहार और इंडस्ट्री से जुड़े सुनहरे अवसर दिए जाएंगे। फिनाले के दौरान जूरी में मिसेज अर्थ इंटरनेशनल 2017 अनु एलेक्स, डॉ. मनप्रीत तनेजा (मिसेज इंडिया ग्लैम 2018), पेजेंट कोच डॉ. रश्मि राठौड़ और भावना मक्कड़ शामिल रहीं।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोंक

क्रमांकः 5657-66 दिनांकः 05/01/26

### निविदा सूचना संख्याः 22/2025-26 खण्ड टोंक

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड टोंक में सड़क/भवननिर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' एवं "एए", "बी", "सी", "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व
www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code PWD2526A4991
UBN No.
1. PWD2526WSOB20016
2. PWD2526WSOB20017

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोंक

DIPR/C/314/2026


# विवेकानंद जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा रैली दौड़ एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रमों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्थानीय विवेकानंद पार्क में स्वदेशी संकल्प का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामलाल शर्मा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया गया। पूर्व विधायक शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर लक्ष्य प्राप्त करने का आवाह्न किया। उठो, जागो एवं लक्ष्य प्राप्त करने तक सतत चलते रहने की अपील की गई। मुख्य वक्ता मंच के प्रांत विचार प्रमुख धर्मेन्द्र शर्मा पुरुषोत्तम ने कहा कि विवेकानंद जी का जीवन हमारे लिए अखंड प्रेरणा का स्रोत है। स्वदेशी के महत्व को उजागर करते हुए आग्रह किया कि देश की समृद्धि के लिए विदेशी उत्पादों का बहिष्कार कर स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों का उपयोग करना चाहिए। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत स्वावलंबी भारत बनाने के लिए युवाओं को नौकरी का मोह छोडक़र कौशल विकास, उद्योग, व्यवसाय तथा उद्यम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा ने विवेकानंद जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। विवेकानंद जी के जीवन के पांच गुणों को दृष्टांत सहित व्याख्या करते हुए गुण विकास की अपील की गई। जिला संयोजक देवदत्त जांगिड़ ने मंच परिचय करवाते हुए आगंतुकों का स्वागत किया। सहजिला संयोजक पूनम चंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्रेरकवक्ता शिक्षाविद् शंकर लाल जांगिड़ ने किया। जिला युवा कार्य प्रमुख भारत योगी एवं प्रधानाचार्य ममता थारेजा ने रावला चौक से स्वदेशी संकल्प दौड़ को गगनभेदी उद्घोषों के साथ रवाना किया। जो प्रमुख बाजारों से होती हुई कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। नगर युवा कार्य प्रमुख हर्षवर्धन शर्मा एवं प्रधानाचार्य विनोद कुमार शर्मा ने महेश्वरी स्कूल से स्वदेशी संकल्प रैली को रवाना किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित समुदाय को स्वदेशी अपनाने का संकल्प करवाया गया।



# 25 जनवरी को होगा विराट हिंदू सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान

**चौमूं ( दिनेश कुमार कुमावत )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में चौमू नगर की केशव बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन 25 जनवरी रविवार को आयोजित होगा।

जिसके लिए सर्व समाज की रविवार को बालिका आदर्श विद्या मंदिर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समिति का नाम केशव माधव हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति रखा गया और समिति का गठन करते हुए संरक्षक नंदकिशोर कूलवाल, अध्यक्ष योगेश सैनी, उपाध्यक्ष ममता पारासर ,कांता गुप्ता, सुरेश बिवाल ,महेश नानका ,गोपाल सैनी सचिव अटल मेठी, संयुक्त सचिव पिंकी जिंदल ,पूनम विजय ,राजेंद्र गुलिया ,प्रमोद दाधीच ,गंगासहाय सैनी कोष प्रमुख निखिल सैनी कार्यकारी सदस्य मुकेश सोनी, प्रहलाद टेलर, मनीष गोयल, अशोक सिंधी, जयनारायण भडभुजया, लक्ष्मीनारायण सेन, केदार छिपा छायाचित्र प्रमुख अंकित कुमावत मीडिया प्रभारी अजय सैनी व व्यवस्था प्रमुख शंकर जिंदल को बनाया गया।

कार्यक्रम की संरचना में 25 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तनों के अनुसार केशव बस्ती के परिवारों का सम्मान समारोह रहेगा व संपूर्ण केशव बस्ती की मातृ शक्ति के आह्वान पर 1100 महिलाओं के द्वारा विशाल कलश व शौर्य यात्रा रहेगी। जिसमें केशव बस्ती के संपूर्ण हिंदू परिवारों के सदस्य परिवार सहित सम्मिलित होंगे।

बैठक में नरेश जिंदल, कृष्णा टेलर, हर्षित भारद्वाज, केशव भडभूज्या, पृथ्वीराज बिवाल, मनीष चतुर्वेदी, राजेश सैनी मातृशक्ति से मौसम सैनी, ममता सैनी, नीलम छीपा, किरण शर्मा, अंजू साकुनिया, सुमन छिपा, कांता अग्रवाल, ममता सुटिया, मधु छिपा, अनीता शर्मा आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन, नहर खण्ड प्रथम, बीसलपुर परियोजना, टोंक

दांयी मुख्य नहर की आर.डी. 19.300 किमी. से 23.00 किमी. के ग्राम दूनी के शेष रहे खसरा नं. 2488 की भूमि को अवाप्त किया जाना है, इस बाबत् राजस्थान सरकार (जल संसाधन विभाग) द्वारा भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पादर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 के तहत् प्रासंगिक पत्र द्वारा विज्ञप्ति का राजस्थान राजपत्र प्रकाशन का लिंक एवं क्यू.आर. कोड

QR Code Village Duni
https://drive.google.com/file/d/1OFf9TKUdxYBGxpE2vKEi4v4WQvc4wdut/view?usp=drivesdk

अधिशाषी अभियन्ता
जल संसाधन, नहर खण्ड प्रथम
बीसलपुर परियोजना,
टोंक

DIPR/C/141/2026

ADVT


# स्वामी विवेकानन्द की 164वीं जयंती व 'कैरियर डे' आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** नारेहड़ा कस्बे स्थानीय विद्यालय विवेकानन्द उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर, नारेहड़ा एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खण्ड के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को स्वामी विवेकानन्द जयंती एवं कैरियर डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुकेश सैनी रहे। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर आधारित एक विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मुकेश सैनी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए स्वामी जी के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वामी जी की कोटपूतली से होकर नारेहड़ा के रास्ते खेतड़ी ठिकाने तक की ऐतिहासिक यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। साथ ही,उन्होंने शिकागो धर्म सम्मेलन की विश्व प्रसिद्ध यात्रा का जिक्र करते हुए युवाओं को उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# सामाजिक सेवा एवं युवा शक्ति पर जागरूकता रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का प्राचार्य डॉ. आर के सिंह द्वारा उद्घाटन किया गया। प्राचार्य ने विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुये कहा की युवा ही राष्ट्र की शक्ति है। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक सेवा एवं युवा शक्ति पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य सिंह ने स्वदेशी संकल्प दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रो. संदीप कुमार आर्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन के आदर्शों को अपनाने



के बारे में बताया। इस दौरान प्रो. शुभलता यादव, प्रो. चंदन सिंघल, प्रो. शीशराम मीना, एनसीसी प्रभारी डॉ. बाबूलाल मीणा, स्काउट गाइड प्रभारी डॉ. शीशराम यादव, प्रो. कपूर चंद वर्मा, प्रो. मालीराम मीणा, महाविद्यालय संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बीलवा पैलेस,टोंक रोड़,जयपुर में विजयवर्गीय वैश्य महासभा की राष्ट्रीय स्तर पर मीटिंग सम्पन्न





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग एवं पौषबड़ा प्रसादी कार्यक्रम दिनांक 11.01.2026 को ''बीलवा पैलेस' टोंक रोड़, जयपुर में सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकारणी मीटिंग में उपस्थित रहे। मीटिंग 2.00 बजे से प्रारम्भ, महासभा के अध्यक्ष राकेश विजयवर्गीय (थली वाले) अध्यक्षता में शुरू की। मीटिंग में समाज को आगे बढ़ाने के लिए विचार विमर्श किये, काफी वक्ताओं द्वारा पक्ष रखें अंत में महासभा के अध्यक्ष राकेश थली वाले के द्वारा आसीन, वक्तागणों, बाहर से आये गणमान्यों को एवं समाज बन्धुओं को आने पर धन्यवाद ज्ञाप्ति किया। जयपुर के अध्यक्ष रतनलाल अजमेरी, द्वारा बताया कि मीटिंग में मदन लाल (थली वाले) एडवोकेट रविन्द्र कोटा, सुरेन्द्र मोशन कोटा, रामबाबू गरोली कोटा, चौथमल कोटा, एडवोकेट विनोद दौसा, श्यामलाल टहला, जयपुर प्रदेश अध्यक्ष कमलेश डोडवाली, जयपुर अध्यक्ष रतन लाल अजमेरी, रामबाबू भरतला, सीताराम पीपलू, उमाकांत खेड़ाकल्याणपुर, अभिषेक मेंहदवास, देवेन्द्र बांदीकुई, एडवोकेट गणेश, बनवारी लाल बांदीकुई एवं अनेक गणमान्य समाजबन्धु उपस्थित रहे। देश से कोटा, पूणे, दिल्ली, टोंक, सूरत, मालपुरा, देवली एवं अन्य कई स्थानों से समाज बन्धु पधारें। उन्हें स्मृति चिन्ह माला एवं शाल उढ़ाकर ''सम्मानित किया, सायं सभी बन्धुओं द्वारा पौषबड़ा प्रसादी का आनन्द उठाया।





सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड
Cent Bank Home Finance Limited
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की अनुषंगी Subsidiary of Central Bank of India

परिशिष्ट IV [नियम 8(1)]
(कब्जा नोटिस)
अचल संपत्ति के लिए

हस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन एक्ट-2002 के अधीन जो कि **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड जोधपुर, शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी है। प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को एक नोटिस में वर्णित राशि एवं अंकित दिनांक से ब्याज एवं अन्य प्रभार, सूचना की प्राप्ति की दिनांक से **60 दिन** के भीतर **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड, जोधपुर,** को प्रतिदाय करने की मांग करने के लिये जारी किया। अधोलिखित ऋणी द्वारा रकम का भुगतान करने में असफल रहने पर उधार लेने वाले ऋणी,जमानतदार और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत नियम 8 मे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे खाते के आगे लिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले ऋणी /जमानतदार एवं विशिष्ट रूप से जनसाधारण को इस के द्वारा चेतावनी दी जाती है की इस संपत्ति के संबंध में व्यवहार न करें एवं संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का व्यवहार **सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड, जोधपुर,** के खाते के आगे वर्णित राशि के बाद ब्याज एवं अन्य प्रभार के अधीन होगा।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम और खाता संख्या | अचल संपत्ति का विवरण | तिथि एन.पी.ए की / 13(2) नोटिस की / भौतिक कब्जा | मांग सूचना में राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| श्री लक्ष्मण दास पुत्र श्री मांगीलाल (आवेदक) श्रीमती खुशबू पत्नी श्री लक्ष्मण दास (सह-आवेदक) खाता क्रमांक:- : 02204010000891 | पट्टा संख्या 35, मिसल संख्या 202, खसरा संख्या 766, ग्राम पंचायत लूणी, **जिला जोधपुर राजस्थान-342001, श्री लक्ष्मण दास पुत्र श्री मांगीलाल के नाम संपत्ति, क्षेत्रफल 164.00 वर्ग गज, चतुर्सीमा:- पूर्व**- श्री ओमा राम / हेमा राम का प्लॉट, **पश्चिम**- समाधियां (स्वामी की जाति), **उत्तर**- रास्ता, **दक्षिण**- सार्वजनिक सभा भवन | 08.06.2025 / 18.06.2025 / 07.01.2026 | 47,81,032/- + ब्याज एवं अन्य शुल्क |

स्थान : जोधपुर, दिनांक : 12.01.2026
प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट बैंक होम फायनेन्स लिमिटेड, जोधपुर
शाखा: कार्यालय संख्या 2, द्वितीय तल, श्री नारायणम, अपर चोपासनी रोड, बॉम्बे मोटर सर्कल के पास, जोधपुर, राजस्थान- 342003

## सम्पादकीय

# 500 फीसदी टैरिफ लगा, तो.....

हाल अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक साथ कई मोर्चे खोल लिए हैं। वह क्यूबा, कोलंबिया, ग्रीनलैंड सरीखे छोटे देशों को बंधक बना कर अमरीका के उपनिवेश बनाने पर आमादा हैं, लिहाजा वेनेजुएला की तरह हमले की धमकियां दे रहे हैं। ईरान के चारों ओर भी अमरीकी विमान, युद्धपोत आदि मंडरा रहे हैं, घातक डेल्टा फोर्स को भी तैनात करने की खबरें हैं। हालांकि अमरीका जानता है कि ईरान कमजोर देश नहीं है। ईरान एक सैन्य ताकत है। वह परमाणु सम्पन्न मिसाइलों से अमरीका के वाशिंगटन और न्यूयॉर्क जैसे शहरों पर विनाशक हमले करने में सक्षम है। अमरीकी सीनेट ने बहुमत से राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, जिसके साफ मायने हैं कि अमरीकी संसद की अनुमति के बिना ट्रंप किसी भी देश पर हमला नहीं कर सकते अथवा युद्ध में जाने का सेनाओं को आदेश नहीं दे सकते। फिर भी राष्ट्रपति ट्रंप दुनिया को अलग-अलग मोर्चों पर धमकाने, हडक़ाने में जुटे हैं। ये अद्र्ध-तानाशाही के संकेत हैं। उन्होंने रूस पर प्रतिबंधों से जुड़े एक बिल को मंजूरी दी है, जो इसी सप्ताह संसद के पटल पर पेश किया जा सकता है। यदि यह बिल पारित हो गया, तो आर्थिक अराजकता का माहौल बनना तय है। बिल में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि जो भी देश रूस से तेल, गैस और अन्य उत्पादों की खरीद करेगा, अमरीका उस पर 500 फीसदी का टैरिफ थोप सकता है। यानी उन देशों का जो भी माल अमरीकी बाजार में आएगा, उस पर 500 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। राष्ट्रपति ट्रंप की कुटिल निगाहें भारत, चीन, ब्राजील पर हैं। भारत ने बीते चार साल में रूस से 1.73 लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल खरीदा है। भारत अब भी अपनी जरूरतों का 30-32 फीसदी तेल रूस से ही खरीदता है। चीन तो 48 फीसदी तक तेल रूस से खरीदता है। रूस से सबसे अधिक पाइपलाइन गैस की खरीद यूरोपीय संघ के देश करते हैं। अमरीका भी सबसे अधिक यूरेनियम रूस से ही खरीदता है। उन पर प्रतिबंध क्यों नहीं हैं? यूरोपीय देशों पर 500 फीसदी तक के टैरिफ की धमकियां क्यों नहीं दी जातीं? जापान, दक्षिण कोरिया, तुर्किए पर भारत से बहुत कम टैरिफ क्यों है? भारत-अमरीका में जो व्यापार-समझौता होना था, वह इसलिए खटाई में पड़ गया, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। नतीजतन अमरीका ने इंडोनेशिया, वियतनाम, फिलीपींस के साथ व्यापार-करार कर लिए। अमरीका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक का यह बयान हास्यास्पद लगता है, क्योंकि 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की 8 बार फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि भी की है। बहरहाल मुद्दा 500 फीसदी टैरिफ का है। भारत पर फिलहाल 50 फीसदी टैरिफ चस्पा है, जिसके कारण हमारा निर्यात बहुत प्रभावित हुआ है। हमारी आर्थिक विकास दर, अंततः, 7 फीसदी से अधिक रहेगी, इसी पर संतुष्ट होना नुकसानदेह है। यदि 500 फीसदी टैरिफ थोप दिया गया, तो अमरीकी बाजार में भारत की औसतन कमीज 5400 रुपए से अधिक की पड़ेगी, जो अभी 1352 रुपए की है। भारत से कपड़े और रेडीमेड वस्त्र का बड़ा हिस्सा अमरीका जाता है। यदि भारतीय कपड़े इतने महंगे पड़ेंगे, तो खरीददार दूसरे देशों का रुख कर सकते हैं। इस अकेले उदाहरण से ही समझा जा सकता है कि भारतीय उत्पादन पर कितना असर पड़ेगा और कितनी नौकरियां खत्म होंगी! भारत को 'दुनिया की फार्मेसी' कहते हैं, क्योंकि हम सबसे अधिक, गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन करते हैं। अमरीका हमारी दवाओं का सबसे बड़ा बाजार है। राष्ट्रपति ट्रंप ने फार्मा पर भी टैरिफ थोपने की धमकी दी है। इसी तरह टैरिफ बढऩे से भारतीय ऑटो, ऑटो पाट्र्स, आईटी और टेक सेक्टर के निर्यात पर भी असर पड़ेगा और अमरीकी बाजार में हमारी मांग काफी कम हो जाएगी।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 13 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 2020 - लाहौर हाई कोर्ट ने उस विशेष अदालत को 'असंवैधानिक' करार दिया, जिसने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को संगीन देशद्रोह का दोषी करार देते हुए मौत की सजा सुनाई थी।
- ओडिशा के फिल्म निर्माता मनमोहन महापात्र का भुवनेश्वर में निधन हो गया।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने दुर्लभ बीमारियों पर एक नीति मसौदा जारी किया। इस मसौदे का मुख्य उद्देश्य उन गरीब लोगों को 15 लाख रूपये की सहायता प्रदान करना है जो उपचार का खर्च वहन नहीं कर सकते। मसौदे को 'दुर्लभ रोग 2020' नाम दिया गया।
- 2010 - अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संकट के कारण जर्मनी की अर्थव्यवस्था में साल 2009 के दौरान 5त्न की गिरावट दर्ज की गई। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह सबसे बड़ी गिरावट है।
- 2009 - जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फ़ारुख़ अब्दुल्ला नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष बनाए गए।
- 2008 -चाय निर्माण कंपीन मारवल चाय को संयुक्त अरब अमीरात से एक लाख किलोग्राम चाय के निर्माण का आर्डर मिला।
- मैसिडोनिया में सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 11 लोग मरे।
- 2007 - महिलाओं के प्रति भेदभाव दूर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का 37वाँ अधिवेशन न्यूयार्क में शुरू।
- 2006 - परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान पर सैन्य आक्रमण से ब्रिटेन ने इन्कार किया।
- 2002 - पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ के संदेश को भारत ने सकारात्मक बताया, चीनी प्रधानमंत्री झू रोंगजी 6 दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
- 1999 - नूर सुल्तान नजरवायेव पुन: कजाकिस्तान के राष्ट्रपति चुने गए।
- 1995 - बेलारूस नाटो का 24वाँ सदस्य देश बना।
- 1993 - अमेरिका और उसके सहयोगियों ने दक्षिणी इराक़ में नो फ़्लाई ज़ोन लागू करने के लिए इराक पर हवाई हमले किए।
- 1988 - चीन के राष्ट्रपति चिंग चियांग कुमो का निधन।
- 1948- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्द-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिये आमरण अनशन शुरू किया।
- 1910 - न्यूयॉर्क शहर में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण प्रारम्भ हुआ।

## विशेष आलेख

# ऋतु परिवर्तन का लोकउत्सव: लोहड़ी और नई ऋतु की दस्तक



डॉ. प्रियंका सौरभ

पि भारत की लोकपरंपराएँ केवल पर्व-त्योहार नहीं होतीं, वे समाज की सामूहिक स्मृति, प्रकृति-बोध और जीवन-दर्शन की जीवित अभिव्यक्तियाँ होती हैं। ये परंपराएँ समय के साथ बदलती जरूर हैं, लेकिन अपने मूल में वे मनुष्य और प्रकृति के रिश्ते को सहेज कर रखती हैं। उत्तर भारत में मनाया जाने वाला लोहड़ी ऐसा ही एक लोकपर्व है, जो सर्दियों की विदाई और वसंत के स्वागत का प्रतीक बनकर सामने आता है। यह पर्व केवल मौसम के बदलने की सूचना नहीं देता, बल्कि जीवन-दृष्टि के बदलते अध्याय की घोषणा करता है जहाँ ठिठुरन के बाद ऊष्मा, अंधकार के बाद प्रकाश और ठहराव के बाद नई ऊर्जा का आगमन होता है। लोहड़ी का उत्सव प्रकृति के उस चक्र का उत्सव है, जिसमें हर ठहराव के बाद गति और हर कठिनाई के बाद संभावना जन्म लेती है। यह पर्व हमें यह याद दिलाता है कि जीवन केवल संघर्ष नहीं है, बल्कि संघर्ष के बाद आने वाली राहत और उम्मीद भी उतनी ही सच्ची है। यही कारण है कि लोकसमाज ने इसे केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि सामूहिक भावबोध का पर्व बनाया। लोहड़ी का मूल कृषि-जीवन से गहराई से जुड़ा हुआ है। उत्तर भारत का किसान रबी की फसलों की बुवाई के बाद जब खेतों में हरियाली देखता है, तब उसके भीतर आशा का संचार होता है। गेहूँ, सरसों और चने की लहलहाती फसलें आने वाले समय की समृद्धि का संकेत देती हैं। लोहड़ी उसी आशा का उत्सव है। यह पर्व किसान की मेहनत, धैर्य और प्रकृति पर उसके विश्वास को सम्मान देता है। आग के चारों ओर एकत्र होकर तिल, गुड़, मूंगफली और रेवड़ी अर्पित करना केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का सामूहिक भाव है। आग यहाँ शुद्धि का प्रतीक है—बीते दिनों की ठंड, कष्ट, निराशा और असफलताओं को भस्म कर आगे बढऩे का संकल्प। लोकजीवन में आग केवल ताप नहीं देती, वह एकजुटता भी देती है। ठंडी रात में आग के चारों ओर खड़े लोग केवल शरीर नहीं, मन भी गरम करते हैं। लोहड़ी की परंपरा में लोककथाओं और लोकगीतों की विशेष भूमिका है। दुल्ला भट्टी की कथा लोहड़ी को केवल मौसमी पर्व नहीं रहने देती, बल्कि सामाजिक चेतना का प्रतीक बना देती है। दुल्ला भट्टी का चरित्र अन्याय के विरुद्ध खड़े होने, कमजोर की रक्षा करने और स्त्री-सम्मान के मूल्य को रेखांकित करता है। यह लोकगाथा बताती है कि लोकसंस्कृति केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि नैतिक शिक्षा का भी माध्यम है।

गाँव-समाज में लोहड़ी का उत्सव सामूहिकता का पाठ पढ़ाता है। अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, स्त्री-पुरुष सब आग के चारों ओर समान रूप से खड़े होते हैं। यह बराबरी का वह क्षण है, जहाँ सामाजिक भेदभाव कुछ समय के लिए पिघल जाते हैं। लोकगीतों में सामूहिक स्वर होता है, नायक अकेला नहीं होता पूरा समाज उसका सहभागी बनता है।

लोहड़ी बच्चों के लिए भी एक संस्कारात्मक अवसर होती है। जब बच्चे बुजुर्गों से लोकगीत सुनते हैं, कथाएँ जानते हैं और परंपराओं में भाग लेते हैं, तब वे केवल उत्सव नहीं मनाते, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। यही लोकपरंपराओं की सबसे बड़ी ताकत है वे पीढियों के बीच संवाद कायम रखती हैं। लेकिन समय के साथ-साथ पर्वों का स्वरूप भी बदला है। शहरीकरण, उपभोक्तावाद और दिखावे की संस्कृति ने लोकपर्वों को भी प्रभावित किया है। आज कई जगह लोहड़ी सामूहिक सहभागिता की बजाय व्यक्तिगत प्रदर्शन बनती जा रही है। पारंपरिक लोकगीतों की जगह तेज़ संगीत, सादगी की जगह दिखावा और प्रकृति-सम्मत उत्सव की जगह अनावश्यक खर्च दिखाई देता है। इससे पर्व का मूल भाव कहीं-न-कहीं कमजोर पड़ता है। यह परिवर्तन अपने आप में बुरा नहीं है, लेकिन समस्या तब होती है जब अर्थ खो जाता है। यदि पर्व केवल फोटो, वीडियो और सोशल मीडिया की सामग्री बनकर रह जाए, तो वह लोकसंस्कृति नहीं रह पाता। लोकपर्वों की आत्मा सहभागिता, सादगी और सामूहिक स्मृति में बसती है, न कि बाज़ार में बिकने वाली सजावट में।

आज आवश्यकता है कि लोहड़ी जैसे पर्वों को पर्यावरण-संवेदनशीलता और सामाजिक समावेशन के साथ मनाया जाए। बढ़ते प्रदूषण और संसाधनों की कमी के दौर में यह जरूरी है कि हम अनावश्यक जलावन, प्लास्टिक और शोर से बचें। लोकपर्वों की सादगी ही उनकी सबसे बड़ी सुंदरता है।

साथ ही, इन पर्वों को बच्चों के लिए शिक्षण का माध्यम बनाया जा सकता है। उन्हें यह बताया जाए कि लोहड़ी केवल आग और गीत का पर्व नहीं, बल्कि किसान के श्रम, प्रकृति के चक्र और सामूहिक जीवन का उत्सव है। जब बच्चे परंपराओं का अर्थ समझते हैं, तब वे उन्हें केवल निभाते नहीं, बल्कि आगे बढ़ाते हैं। वसंत का आगमन केवल मौसम का परिवर्तन नहीं है, बल्कि आशा का पुनर्जन्म है। ठंडी और लंबी रातों के बाद दिन का लंबा होना मनुष्य को मानसिक रूप से भी ऊर्जा देता है। प्रकृति में रंग लौटते हैं, फूल खिलते हैं और जीवन में गति आती है। लोहड़ी उसी परिवर्तन का उत्सव है—यह हमें सिखाती है कि जीवन स्थिर नहीं है, हर अंधकार के बाद उजाला आता है। आज के तनावपूर्ण और अनिश्चित समय में लोकपर्वों का महत्व और बढ़ जाता है। ये पर्व हमें रुककर साँस लेने, एक-दूसरे से मिलने और सामूहिक खुशी साझा करने का अवसर देते हैं। जब जीवन लगातार प्रतिस्पर्धा और अकेलेपन की ओर बढ़ रहा हो, तब ऐसे लोकउत्सव हमें सामुदायिक जीवन की याद दिलाते हैं। अंततः, लोहड़ी हमें यह सिखाती है कि परंपरा तब जीवित रहती है जब वह समय के साथ संवाद करती है—अपने मूल्यों को थामे रखते हुए नए संदर्भों में प्रासंगिक बनी रहती है। सादगी, सामूहिकता, प्रकृति के प्रति सम्मान और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टि—यदि ये भाव बने रहें, तो हर लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बन सकती है। लोहड़ी का अलाव केवल सर्दी नहीं जलाता, वह निराशा, अकेलेपन और जड़ता को भी भस्म करता है। यही कारण है कि यह लोकपर्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना सदियों पहले था। ऋतु परिवर्तन का यह लोकउत्सव हमें याद दिलाता है—जीवन में परिवर्तन अनिवार्य है, और हर परिवर्तन अपने साथ नई शुरुआत की संभावना लेकर आता है।

# लोकतंत्र देश के आर्थिक विकास का पैमाना



संजीव ठाकुर


*स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है।*

आजादी के 77 वर्ष के व्यतीत हो जाने के बाद स्वाधीनता एवं लोकतंत्र की आस्था का सही मूल्यांकन अपनी बाट जोह रहा है। लोकतंत्र की यथार्थ सीमाओं में वित्तीय विकास और प्रयास, हमे वैश्विक स्थापना प्रदान करते हैं।आर्थिक विकास के बिना लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत आधार स्तम्भ नहीं दे सकतीं हैं। मजबूत वित्तीय प्रबंधनऔर संवैधानिकता की जुगलबन्दी जी देश के चहुमुखी विकास को मूर्तरूप दे सकतें हैं। हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास को हमें अनंत काल तक बनाए रखना है और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2024 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया हैद्य वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोडफ़ोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं। पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं,पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पाया वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी।

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान

### शारदा और मोर



शारदा देवताओं की रानी थीं । वैसी रूपवती दूसरी देवी नहीं थी । उनकी प्यारी चिडिय़ा मोर था । खुशनुमा परों और भारी-भरकम आकार के कारण वह देवताओं की रानी सरस्वती का वाहन होने लायक था । कुछ हो, एक दिन मोर ने मन में सोचा, मेरे साथ बड़ा बुरा बर्ताव किया गया है । मुझे वैसी अच्छी आवाज नहीं दी गयी जैसे कोयल को, नहीं तो रूप के अनुरूप ही मेरा स्वर होता । उसने शारदा से कोयल की-सी आवाज माँगी । देवी ने उसकी विनय पर यह उत्तर दिया- हर चिडिय़ा को उसके योग्य दान मिला है । कोयल काली और सीधी चिडिय़ा है । उसको मधुर स्वर मिला । तुम्हारी आवाज तीखी और दिल को वैसी लुभाने वाली नहीं, मगर तुम्हारे पर इतने सुन्दर हैं कि देखकर दूसरों को जलन होती है । तुम्हें जो क्रुछ मिला है, उसके लिए कृतज्ञ रहो । जो तुम्हें नहीं मिल सकता, उसके लिए हाथ न बढ़ाओ । अपने भाग्य से सन्तोष रखना सीखो ।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# काली या गोल्डन किशमिश कौन-सी होती है सेहत के लिए बेहतर? जान लें खाने का सही तरीका

खट्टी-मीठी और स्वाद से भरपूर किशमिश एक ऐसा ड्राई फ्रूट है जिसे सुपरफूड भी कहा जाता है। इसमें भरपूर पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को ऊर्जा देने से लेकर पाचन और इम्युनिटी तक को मजबूत बनाते हैं। हम में से ज्यादातर लोग काली किशमिश और गोल्डन किशमिश खाते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इनमें से कौन-सी किशमिश सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होती है। गोल्डन और काली दोनों किशमिश पोषक होती हैं, लेकिन अगर लंबे समय की सेहत की बात करें तो काली किशमिश ज्यादा बेहतर मानी जाती है, क्योंकि यह बिना किसी केमिकल के बनती है और खून, पाचन, हार्मोन और इम्युनिटी के लिए ज्यादा लाभ देती है। हालांकि आप अपनी पसंद और सेहत के अनुसार दोनों खा सकते हैं, लेकिन अगर आपको एसिडिटी, आई बी या हार्मोनल समस्या है तो काली किशमिश बेहतर विकल्प है। 8 से 12 किशमिश खाना पर्याप्त होता है। इन्हें खाने से पहले धो ले और रात को एक कटोरी पानी में भिगो दें। सुबह खाली पेट इन्हें खाएं और सेहत बनाएं। हीमोग्लोबिन बढ़ाती है इसमें भरपूर आयरन और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन होते हैं, जो खून की कमी दूर करने में मदद करते हैं। पाचन को मजबूत करती है प्रीबायोटिक फाइबर गट हेल्थ सुधारता है और कब्ज व ब्लोटिंग से बचाता है। सूजन कम करती है एंटीऑक्सीडेंट और पॉलीफेनोल्स शरीर में सूजन को कम करते हैं। तुरंत एनर्जी देती है इसमें ग्लूकोज और फ्रक्टोज होते हैं जो कमजोरी और थकान को जल्दी दूर करते हैं। दिल को रखती है स्वस्थ पोटैशियम ब्लड प्रेशर कंट्रोल करता है और हार्ट को मजबूत बनाता है। पाचन सुधारती है फाइबर कब्ज से राहत देता है और पेट साफ रखने में मदद करता है। इम्युनिटी बढ़ाती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए साझेदारी में काम करने के लिए रहेगा। आप अपनी जिम्मेदारियों को समय से निभाएंगे, लेकिन आपका किसी की बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए खर्चो भरा रहने वाला है। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे। आप किसी बात को लेकर तर्क-वितर्क में न पड़ें। आप नई प्रॉपर्टी की खरीदारी की योजना बनाएंगे, जिसके लिए आप कोई लोन भी ले सकते हैं।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए सामाजिक पद-प्रतिष्ठा को बढाने वाला रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, जिससे आपकी खुशियां बढ़ेगी और आप अपने पिताजी की शारीरिक समस्याओं को लेकर टेंशन में आ सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप काम के सिलसिले में कहीं बाहर जा सकते हैं। भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। माता-पिता के सहयोग से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए धन के मामले में बढिय़ा रहने वाला है। आप अपनी कमाई को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा और आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी भी रहेगी, लेकिन फिर भी आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे।

**तुला**

आज आपको शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। जीवनसाथी के साथ आप कुछ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे। आपको अपने बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम मेरे काम में डालने से बचने के लिए रहेगा। बिजनेस में आप किसी तकनीकी समस्या के कारण परेशान रहेंगे। आपको कोई फैसला किसी के कहने में आकर नहीं लेना है।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए आलस्य से भरा रहने वाला है। जिससे काम आगे के लिए लटक सकते हैं। आप अपने घर के कामों में कुछ बदलाव करने की सोचेंगे, लेकिन आपके आलस के चक्कर में समस्या बढ़ेंगी।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी। कोई नया मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आपके कुछ नए किए गये प्रयास बेहतर रहेंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको काम को लेकर कहासुनी हो सकती है, जिससे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है और आपके अंदर एनर्जी रहने से अपने कामों को सोच-समझकर करें।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप थोड़ा सोच-समझकर कामों में आगे बढऩा आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी।

# देवली नगर पालिका परिसर में तिरंगे का अपमान कूड़ेदान में मिली सैकड़ों राष्ट्रीय ध्वज प्रिंट झंडियां

**ऊर्जा मंत्री के कार्यक्रम से पहले सामने आया मामला, भारतीय ध्वज संहिता के उल्लंघन पर भड़का जन आक्रोश, सख्त कार्रवाई की मांग**

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** जी हां ऐसा ही एक मामला रविवार की रात को नगर पालिका परिसर के कूड़ेदान में देखने को मिला। मामला यह सामने आया की रविवार की रात को देवली नगर पालिका मे आयोजित बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम और रात्रि चौपाल में प्रदेश के ऊर्जा एवं जिला प्रभारी हीरालाल नागर शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री के आने से पहले कार्यक्रम मे पहुंचे कार्यकर्ता और लोगों नगर पालिका परिसर में घूम रहे थे। तभी कुछ लोगों को नगर पालिका परिसर के कूड़ेदान में राष्ट्रीय ध्वज प्रिंट झंडिया पड़ी हुई दिखाई दी। राष्ट्रीय ध्वज के हुए इस अपमान की जानकारी लोगों ने मीडिया को दी और बताया कि देवली नगर पालिका प्रशासन के अधिकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज प्रिंट तिरंगा झंडियों को बिना दफनाये जलाए कूड़ेदान में फेक कर निस्तारण कर दिया है। लोगों से मिली जानकारी के बाद मीडिया ने मौके पर जाकर देखा की देवली पालिका प्रशासन ने तिरंगे की सैकड़ो झंडियों को कचरा स्थल कूड़ेदान में फेंक कर राष्ट्रीय ध्वज संहिता के नियमों का उल्लंघन करते हुए तिरंगे का अपमान किया हुआ था। इस दौरान देवली नगर पालिका प्रशासन की उक्त हरकत पर लोगों में आक्रोश बना हुआ था। सोमवार को यह मामला शहर भर में चर्चाओं का विषय बन गया। तो वही उक्त मामला सोशल मीडिया पर छाया रहा। और तो और देवली पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की ऐसी कृत घटना पर कई सवाल उठने लगे। और इसे राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का मामला माना जाता रहा । तो वहीं पालिका की इस लापरवाही और मनमानी के विरुद्ध लोग सोशल मीडिया पर सख्त कार्रवाई की मांग करते रहे। गौरतलब है कि भारतीय ध्वज संहिता के नियमों के अनुसार, तिरंगे को सम्मानपूर्वक जलाकर या जमीन में दफनाकर उनका निपटान करते हैं,क्योंकि ये गैर-जैवनिम्नीकरणीय होती हैं और इन्हें कचरे या कूड़ेदान में नहीं डाला जाता है। तो वही कुछ शहरों में तो संग्रह अभियान चलाकर तिरंगे या झंडियों को सम्मानपूर्वक नष्ट किया जाता है। यहां तिरंगे के साथ हुए ऐसे हालातो पर जब पालिका के अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से फोन बात करनी चाहिए तो उन्होंने मीडिया का फोन रिसीव नही किया। तब उक्त अधिकारी के व्हाट्सएप पर मामले की जानकारी दी इस पर भी अधिकारी की ओर से कोई जवाब नहीं आया ।

## निवर्तमान जिला प्रमुख बंसल ने नवनिर्मित स्वामी विवेकानन्द चिल्ड्रन पार्क का फीता काटकर किया लोकार्पण



बढ़ता राजस्थान

**अलीगढ़, (याकूब अली)।** कस्बे में सोमवार को स्वामी विवेकानन्द स्वामी जयंती के अवसर पर बालाकिला चोराहा स्थित नवनिर्मित स्वामी विवेकानन्द चिल्ड्रन पार्क का लोकार्पण समारोह व स्वामी विवेकानन्द स्वामी की जंयती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल रही। समारोह में विषिष्ट अतिथि भाजपा महिला जिला कोषाध्यक्ष मोनिका जैन, उनियारा भाजपा शहर अध्यक्ष ममता साहू रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलीगढ़ प्रशासक सबीया बी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने नवनिर्मित स्वामी विवेकानन्द चिल्ड्रन पार्क का लोकार्पण पट्टिका व फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस पर निवर्तमान जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने बच्चो को माला पहना कर पार्क सोपा गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने बच्चों का शारीरिक विकास भी शिक्षा के साथ जरूरी है। युवाओं के चरित्र विकास से ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण संभव है। इस अवसर पर गो-सेवक दिनेश कुशवाह सहित लोगों ने कस्बा अलीगढ़ में गोशाला निर्माण करवाने को लेकर, व वार्ड पंच सुनित जायसवाल सहित कई के लोगों ने नया बसस्टेण्ड़ बनाने की मांग को लेकर निवर्तमान जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल को ज्ञापन भी सोपा। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जफर खॉन उपसरपंच प्रतिनिधि किशन लाल सैनी, वार्ड पंच कैलाश सैन, महेन्द्र सोयल, सुनित जायसवाल समाज सेवी सुभाष चतुर्वेदी, रमेश शर्मा, हरपाल सैनी, पूर्व वार्ड पंच लालू भाई, नरेश जैन, मनोरंजन जांगिड़, विनोद जैन विष्णु बन्ड़ेला, रामदयाल गुर्जर, महेश केण्ड़ा सहित ग्राम के प्रबुद्ध जन महिलाए व बच्चे उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पटेल सर्किल से स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना किया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पटेल सर्किल से स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना किया।भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने छात्र छात्राओं को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना की शपथ दिलाई।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि इस दौड़ का उद्देश्य विद्यार्थियों में युवा चेतना, देशभक्ति तथा आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करना है।उन्होंने कहा कि यह दौड़ एकता, दृढ़ संकल्प तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सामूहिक भूमिका का प्रतीक बनी।उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं में खेल, फिटनेस एवं युवा-केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को पुन: सुदृढ़ करता है।उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का उठो, जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुको मत का संदेश देश की मजबूत नींव के लिए युवाओं को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र के संकल्प की ओर अग्रसर है तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने में युवाओं की भूमिका निर्णायक होगी। उन्होंने वोकल फॉर लोकल के संदेश को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष बबलू टैंकर,राजेश शर्मा,जिला मंत्री तरुण टिक्कीवाल,बीना छामुनिया,कमलेश यादव, लोकेश गुप्ता, राजेश मंगल, वैभव पाटनी, आरव सिसोदिया , तौसीफ खान, विनोद मीणा प्राचार्य लोकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## आकस्मिक निरीक्षणः संकल्प विशेष विद्यालय में मिली खामियां, सुधारने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम ने संकल्प विशेष विद्यालय एवं चेतना दिव्यांग विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने निरीक्षण के दौरान संकल्प विशेष विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजराज शर्मा से विशेष रूप से सक्षम बालकों के कौशल विकास के लिए संचालित अध्ययन क्लासेज, दिव्यांग बालकों की देखभाल हेतु केयर टेकर की व्यवस्था, दिव्यांग बालकों को प्रदान भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधा, सर्दी के मौसम में बालकों को ठंड से बचने के लिए हीटर की उपलब्धता, सफाई व्यवस्था आदि के संबंध में पूछताछ की गई। दौराने निरीक्षण मेडिकल किट में आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं पाई गई, सर्दी के मौसम में बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए हीटर की कोई भी व्यवस्था नहीं है, रसोईघर में रखा कैसरोल भी टूटा हुआ पाया गया, बच्चों के आवासीय कक्ष प्रथम मंजिल पर बने हुए है, उन कक्षों तक पहुंचने के लिए लकड़ी के फण्टों का रैम्प बनाया हुआ है, रैम्प पर बच्चों के गिरने व चोट लगने की संभावना है, शारीरिक रूप से असक्षम बच्चों के लिए फिजियोथैरेपिस्ट की भी नियमित विजिट नहीं होना पाया गया। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजराज शर्मा को मेडिकल किट में पर्याप्त आवश्यक दवाएं रखने, बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए हीटर की व्यवस्था करने, टूटे हुए कैसरोल के स्थान पर नया कैसरोल लाने, रैम्प पर सीढ़ियां लगवाने एवं फिजियोथैरेपिस्ट की नियमित विजिट करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। चेतना दिव्यांग विद्यालय के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के संचालक रविंद्र बसावतिया एवं विशेष शिक्षक रोहित चौधरी उपस्थित मिलें। दौराने निरीक्षण चेतना दिव्यांग विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध भोजन की गुणवत्ता सही गई, मेडिकल किट में पर्याप्त आवश्यक दवाएं पाई गई एवं विद्यालय की साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई।

## जनसेवाओं से लेकर महोत्सव तक विकास, सुशासन और उत्सव की साझा तैयारी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में जनसेवाओं की मजबूती, आगामी जिला स्तरीय आयोजनों की प्रभावी तैयारी तथा विकास को गति देने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक बिजली, पानी, स्वास्थ्य आदि आवश्यक सेवाओं, अन्तरविभागीय मुद्दों, सवाई माधोपुर स्थापना दिवस, अमरूद महोत्सव-2026 से संबंधित बिंदुओं पर विचार करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयावधि में कार्ययोजना अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि तय जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जिले की सकारात्मक छवि को और सशक्त किया जाए।

जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता :- जिला कलक्टर ने स्पष्ट किया कि बिजली, पेयजल, सडक़, स्वास्थ्य एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल से जुड़े मामलों का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित फील्ड भ्रमण, जनसुनवाई, कार्यालयों की सुव्यवस्था तथा परिवादों के शत-प्रतिशत समाधान के निर्देश दिए।

गणतंत्र दिवस पर सम्मान के लिए 20 जनवरी तक भिजवाएं प्रस्ताव :- बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए 20 जनवरी, 2026 तक कलेक्ट्रेट कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए गए है। पिछले तीन वर्षो में सम्मानित किए जा चुके व्यक्ति इसके लिए पात्र नहीं होंगे!

स्थापना दिवस व अमरूद महोत्सव :- बैठक में 17 से 19 जनवरी तक स्थापना दिवस को बाघ महोत्सव, अमरूद महोत्सव एवं उन्नत कृषि तकनीकी मेला-2026 के रूप में मनाने एवं महोत्सव का प्रचार-प्रसार सभी ब्लॉक एवं ग्राम स्तर तक कर अधिकाधिक जन भागीदारी सुनिश्चित करवाने हेतु समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीना, संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) राकेश कुमार अटल, जिला रसद अधिकारी रामभजन, सहायक निदेशक उद्यानिकी बृजेश कुमार मीना सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## टोडारायसिंह में जलदाय मंत्री की जनसुनवाई,नागरिकों से किया सीधा संवाद



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने सोमवार प्रातःकाल कस्बे के निकट जोगिडा बालाजी मंदिर में दर्शन के पश्चात टोडारायसिंह में खटीकान मोहल्ला तथा मोची एवं भांड मोहल्ला व पावर हाऊस कालोनी में आयोजित जनसुनवाई में भाग लिया। जन सुनवाई के दौरान मंत्री चौधरी ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, शिकायतें एवं सुझाव सुने। इस अवसर पर क्षेत्र की जमीनी समस्याओं, सामाजिक आवश्यकताओं और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जलदाय मंत्री ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और जनसुनवाई के माध्यम से हर वर्ग की आवाज सुनी जा रही है। इस दौरान जिला महामंत्री सन्त कुमार जैन, प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र गुर्जर, पालिकाध्यक्ष भरत लाल सैनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष सुनील भारत शर्मा, कनिष्ठ अभियंता मनीराम जाट, पार्षद प्रहलाद चावला, संग्राम सिंह, पूर्व पार्षद मुकेश जैन, युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष अनुज कुमार जैन,सुरेश जग्रवाल, दीपक साहू सहित कई उपस्थित रहे।

## सत्यनारायण स्वर्णकार यज्ञ एवं श्रीराम कथा समिति के सर्वसम्मत अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**टोंक/नगरफोर्ट (कमलेश गौतम)।** मिनी पुष्कर मांडकला बगरू बालाजी विकास समिति के तत्वाधान में यज्ञ एवं श्रीराम कथा के भव्य आयोजन को लेकर पीठाधीश रामदास त्यागी महाराज के सानिध्य में कार्यकारिणी का गठन करने को लेकर बगरू बालाजी मांडकला नगरफोर्ट में बैठक आयोजित हुई। जिसमें सत्यनारायण स्वर्णकार को सर्वसम्मति अध्यक्ष चुना गया। बगरू बालाजी विकास समिति मांडकला के कोषाध्यक्ष शंभू दयाल सुमन ने बताया कि यज्ञ एवं श्रीराम कथा के भव्य आयोजन को लेकर समिति के गठन के लिए शनिवार को बगरू बालाजी परिसर पर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विचार विमर्श के बाद बगरू बालाजी विकास समिति मांडकला अध्यक्ष देवकरण धाबाई ने यज्ञ एवं श्रीराम कथा समिति के अध्यक्ष के लिए सत्यनारायण स्वर्णकार का नाम प्रस्तावित किया, जिसका बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा अनुमोदन किया। बैठक में कार्यकारिणी का गठन करते हुए जग्गा पटेल विजयनगर, रामेश्वर चांगल पूर्व सरपंच बोसरया, नंदकिशोर धाकड़ विजयनगर, रामसहाय धाकड़ केरोलाई व मोहन धाकड़ कल्याणपुरा पूर्व मांडकला विकास समिति अध्यक्ष को उपाध्यक्ष, शंभू दयाल सुमन व परमानंद मिश्र कोषाध्यक्ष, मोहन सिंह देवपुरा महामंत्री, रामराज सैनी रामसागर, सीताराम सुवालका नगरफोर्ट, मुकेश धाकड़ व हरिशंकर धाकड़ कल्याणपुरा को सर्व सम्मति से मंत्री बनाया गया।

## च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी))।** च्यवन गौड ब्राह्मण समाज भगवतगढ थान एंव प्रतिभा सम्मान समारोह समिति अध्यक्ष बंशीलाल उपाध्याय ने बताया कि अखिल भारतीय आमचोरासी च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह टोंक से लहन रोड पर सेंट जोसफ स्कूल के सामने च्यवन गौड ब्राह्मण समाज के छात्रावास स्थल पर आयोजित किया गया । प्रतिभा सम्मान समारोह में च्यवन गौड़ ब्राह्मण समाज की शिक्षा, खेल, राजनैतिक, सामाजिक, सरकारी नियुक्ति क्षेत्र की 200 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर अतिथि सन्त श्री गोपालाचार्य महाराज, आम चौरासी अध्यक्ष श्रवण लाल शर्मा, पूर्व आम चोरासी अध्यक्ष राजेन्द्र तिवाडी, संरक्षक बाबूलाल शर्मा, ओमप्रकाश कोटा, लालचंद तिवाड़ी डांगरथल, नवचयनित आर ए एस श्रीमति शालिनी शर्मा सीतारामपुरा एवं भाजपा टोंक जिला अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह सम्मिलित रहे। पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र तिवाड़ी ने समाज में सभी परिवारो को बेटी बियाओ बहु पढ़ाओ पर जोर दिया, शालिनी शर्मा ने कहा की प्रत्येक सास ससुर को अपनी बहु की हर प्रकार से सहयोग करना चाहिए, बाबू लाल शर्मा ने कहा की शिक्षा ही समाज को विकास की और अग्रसर कर सकती हैं, लाल चंद तिवाड़ी ने प्रतिभाओ को उधमी और व्यवसायी बनने की और अग्रसर होने की बात कही, ओमप्रकाश शर्मा ने कहा की वह किसान भी हैं और व्यापारी भी और एक संयुक्त परिवार का लाभ उठा रहे अतः सभी को संयुक्त परिवार के साथ रहना चाहिए, जिला अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि ब्राह्मण सदैव पूजनीय रहे हैं मैं हर कदम च्यवनगौड़ ब्राह्मण समाज का सहयोगी बना रहूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण लाल शर्मा ने सभी प्रतिभाओ,अतिथियों समाज बन्धुओ का स्वागत सत्कार किया और अनुरोध किया की मेरे समाज का प्रत्येक व्यक्ति राष्ट्र एवं समाज के विकास में अपना सहयोग एवं योगदान प्रदान करे। रुद्रांश शर्मा मालपुरा ने मंच पर अद्भुत योगकला कर सबका मन मोह लिया।

**ऊर्जा मंत्री नागर और विधायक राजेंद्र गुर्जर ने रात्रि चौपाल में की जनसुनवाई**

# नगर पालिका के बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम मे पहुंचे ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, जिला स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

बढ़ता राजस्थान




**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां नगर पालिका के बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम मे पहुंचे ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर, देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर और टोंक जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान से देवली अभिभाषक संघ ने मुलाकात की। इस दौरान देवली अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ललित चौहान के नेतृत्व मे दर्जनों अधिवक्ताओं ने देवली में एडीजे कोर्ट खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। और शहर में जल्द ही एडीजे कोर्ट खोलने की आवश्यकता पर की बात कही,। देवली अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट ललित चौहान ने बताया कि रविवार को देवली नगर पालिका प्रांगण मे राजस्थान सरकार द्वारा बजट पूर्व आयोजित सुझाव सुनवाई कार्यक्रम मे टोंक जिला प्रभारी ऊर्जा-मंत्री हीरा लाल नागर को देवली शहर अधिवक्ताओ की सम्पूर्ण कार्यकारिणी ने और बार सदस्यो ने प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया है। पत्र के जरिए ऊर्जा मंत्री नगर को बताएं कि देवली शहर में एडीजे कोर्ट खोल जाना अति आवश्यक हो गया है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष नेमीचंद जैन ने भी प्रभारी-मंत्री को इस हेतु विशेष निवेदन किया इसी के साथ भारतीय जनता पार्टी के शहरी नगर-अध्यक्ष ने भी अभिभावक संघ की मांग का समर्थन किया। ललित चौहान ने यह भी बताया कि देवली शहर की पांच प्रमुख मांगो में से एक मांग देवली मे ए डी जे कोर्ट खोले जाने की है। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने देवली के सर्वांगीण विकास से संबंधित 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है।,जिसमें प्रमुख मांगों को आगामी बजट घोषणाओं में शामिल करने का आग्रह किया गया है। मांग पत्र में पुरानी कृषि मंडी परिसर के व्यावसायिक उपयोग, नए रिको क्षेत्र की स्थापना, मौजूदा रिको में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और बस स्टैंड के आधुनिकीकरण पर जोर दिया गया है। शहर मंडल ने उपजिला अस्पताल की क्षमता 150 बेड करने, नवीन महिला महाविद्यालय की स्थापना, राजकीय कॉलेज में प्राणी शास्त्र को स्नातकोत्तर में क्रमोन्नत करने और विद्यालयों में नए कक्षा-कक्ष व पुस्तकालय निर्माण की मांग की है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री नागर से वार्ता करते हुए देवली में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय खोलने, 22 करोड़ की पेयजल योजना के वर्क ऑर्डर जारी करने, नेकचाल तालाब की पाल की मरम्मत और आस्था के केंद्र बोयडा गणेश जी मंदिर को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया है। इस मौके पर देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, टोंक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, ने रात्रि चौपाल में जनसुनवाई भी की। यहां बजट संवाद और रात्रि चौपाल कार्यक्रम में शहर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल भाजपा नेता शिवजीराम प्रतिहार, शहर महामंत्री उमाशंकर खूंटेटा, उपाध्यक्ष नवल चतुर्वेदी, दिनेश जैन आरपी धाकड़, सुनील सेठी, अजय सिंह और मुकेश मीणा,एडवोकेट भारत सिंह सोलंकी, संजय सिंगल, विनोद साहू, आदि उपस्थित थे।

# राजमेडिकॉन 2026-अमृतम का भव्य एवं सफल आयोजन भिवाड़ी-बिलासपुर में सम्पन्न

## आईएमए अलवर के पूर्व अध्यक्ष डॉ.एस सी मित्तल के लाफ्टर योग सैशन को सबसे ज्यादा सराहा गया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भिवाड़ी द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय चिकित्सा सम्मेलन राजमेडिकॉन 2026 अमृतम का आयोजन 10 एवं 11 जनवरी 2026 को 850 चिकित्सको के रजिस्ट्रेशन के साथ अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। राजमेडिकॉन-2026 अमृतम के ओर्गानाईजिंग चेयरपर्सन डॉ.रूप सिंह ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन 10 जनवरी 2026 को ओम शांति रिट्रीट सेंटरए बिलासपुर में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बीके आशा दीदी, डॉ. एम एल स्वर्णकार महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, जयपुर, डॉ. धर्मेंद्र नागर पारस हेल्थकेयर,विधायक डॉ. शिखा मील चौमू, डॉ. एसएन चुघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, (आईएमए) कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ.एमपी शर्मा अध्यक्ष( आईएमए) राजस्थान ,डॉ.पीसी गर्ग सचिव (आईएमए) राजस्थान, डॉ.एन के अग्रवाल कोषाध्यक्ष (आईएमए) राजस्थान ने किया वही समारोह में डॉ. रजनीश शर्मा, डॉ एस एन हर्ष ,डॉ. अशोक शारदा एवं डॉ. एससी मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन की विस्तृत जानकारी डॉ.रूप सिंह, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. अजय गोयल, डॉ. मुदित मित्तल एवं डॉ. मनीष चौहान' द्वारा दी गई । सम्मेलन के दौरान देश के शीर्ष चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर लगभग 35 वैज्ञानिक व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। मुख्य रुप से एण्टीबायोटिक का दुरुपयोग रुके , ऐ एम आर एन्टीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सैनी ने प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी का संदेश सुनाया । डॉ निमेश मेहता जयपुर व डॉ हेमंत मल्होत्रा कैंसर विशेषज्ञ ने बताया कि फ ास्ट फूड कैंसर की सुनामी लाने वाला है इसलिए रोकथाम पर आई एम ए काम करें । मेदांता हास्पीटल के उपनिदेशक डॉ रजनीश कपूर ने हार्ट सर्जरी के नवीनतम तकनीक का पत्र वाचन किया । डॉ प्रवीण गुप्ता न्यूरोलॉजिस्ट ने माइग्रेन के लेटेस्ट उपचार बताये। फोर्टिस अस्पताल मानेसर, फोर्टिस गुरुग्राम एपारस हॉस्पिटल गुरुग्राम ए दिल्ली जी बी पंत हॉस्पिटल के डॉ मोहित गुप्ता ने जीवन शैली की बीमारियों एवं तनाव की रोकथाम के लिए तथा ध्यान विषय पर पत्र वाचन किया । पूना से डॉ मनोज मतनानी ने वेल्यू इन हेल्थ केयर पर मार्गदर्शन किया। ओम आर सी की निदेशक, बी के आशा दीदी ने सभी चिकित्सकों को ध्यान पहले दवा के साथ संकल्प शक्ति को जगाने का सहज राजयोग के बारे में बताया व प्रेरित किया। बी.के विधातरी व हुसैन दीदी ने चिकित्सकों का ध्यान का प्रैक्टिकल सैशन करवाया । प्रथम दिवस का समापन एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम द व्हाइट कोट जर्नी के साथ हुआ जिसमें आईएमए भिवाड़ी के 24 वरिष्ठ चिकित्सकों विशेष प्रस्तुति रही । साथ ही राजमेडीकान टौंक का पोस्टर विमोचन करवाया। 11 जनवरी 2026 की प्रातः 7 बजे से हॉल बी में आईएमए अलवर के पूर्व अध्यक्ष एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर के चेयरमैन डॉ एस सी मित्तल के लाफ्टर योग सेशन करवाया जिसको सबसे ज्यादा सराहा गया ।डाक्टर्स हँसते-हँसते लोटपोट हो गए । कई डॉक्टर्स हँसते-हँसते पेट में दर्द होने लगा,कुछ लोग हँसते हँसते रोने लगे। अधिकतर लोगो ने डॉ. एससी मित्तल के लाफ्टर योगा की भूरी-भूरी प्रशंसा करी तथा उनसे उनके फोन नंबर लेकर ऑनलाइन लाफ्टर करवाने का भी आग्रह किया। दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्रों के समापन के पश्चात समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया । कांफ्रेंस में प्रमुख सहयोगी के रूप में महात्मा गांधी मेडीकल कॉलेज युनिवर्सिटी, पारस हास्पिटल गुरुग्राम, ब्रह्माकुमारी, दो बीघा कम्पनी ,मेदांता हॉस्पिटल, आशियाना हाउसिंग लिमिटेड भिवाड़ी व फोर्टिस को सम्मानित किया गया ।

# बानसूर में पेंटर यूनियन की सभा सम्पन्न प्रथ्वीपाल सुठवाल बने नए अध्यक्ष




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** स्थानीय पेंटर समुदाय के संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज पेंटर यूनियन की एक बड़ी सभा संगम गार्डन बानसूर में आयोजित की गई। इस सभा में सैकड़ों पेंटर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभा की अध्यक्षता पप्पूराम निमोरिया ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश सिंहवैया विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा का संचालन प्रमोद सिरोहीवाल ने बड़ी कुशलता से किया। सभा में पेंटर समुदाय के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रथ्वीपाल सुठवाल को पेंटर यूनियन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल किए गए। यह सभा पेंटर श्रमिकों के अधिकारों, बेहतर कार्य परिस्थितियों और संगठित प्रयासों की दिशा में एक मजबूत संदेश देने वाली साबित हुई। उपस्थित पेंटरों ने नए अध्यक्ष और कार्यकारिणी को बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।पेंटर यूनियन के इस नए गठन से स्थानीय स्तर पर पेंटर समुदाय के बीच एकता और सक्रियता बढने की उम्मीद है ।

# गौ सेवा केंद्र पर गउ ग्रास अभियान का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बाबैन की श्रीराम गायत्री गौ सेवा केंद्र पर गउ ग्रास अभियान के अंतर्गत दान अनुदान का क्रम प्रारम्भ हो गया है, जिसके अंतर्गत कुम्हेर शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी भरतसिंह फौजदार के गौलोक वासी होने पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती हरमुखी फौजदार ने सोमवार को गाय को खल हेतु गौसेवा समिति के टूंडाराम शर्मा, दिनेश स्वर्णकार और विष्णु शर्मा को 2300 रुपया का नगद भुगतान किया। इसी तरह कई गौ प्रेमी अपनी श्रद्धानुसार दान व चारा भेंट कर रहे हैं। हमारे धार्मिक ग्रंथों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन ही गंगा का मिलन सागर में हुआ था,जो गंगा सागर बना,कहते हैं उसी दिन सागर किनारे उपस्थित गाय के गोबर में गंगा जल प्रगट हो गया। तभी से मकर संक्रांति के दिन गाय को चारा व अनुदान देने की परंपरा शुरू हो गई । मान्यता है कि इस दिन गौ-सेवा करने पर सुख, समृद्धि के साथ महती पुण्यफल प्राप्त होता है।

# 15 दिनों के अंदर भूगोर तिराया का नामांकरण कप्तान छुट्टन लाल जी के नाम पर हो तथा मूर्ति स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित की जाए-नरेन्द्र मीणा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** सोमवार को कप्तान छुट्टन लाल संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र मीणा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा से मिला और ज्ञापन सौंपा। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कला महाविद्यालय चेतन मीणा ने बताया कि यह मांग संघर्ष समिति वर्ष 2017 से प्रशासन और सरकार से करती आ रही है। आदिवासी समाज चाहता है कि भूगोर तिराया के आसपास यह समाज मुख्य भूमिका में रहता है, इसलिए यहां का नाम कप्तान छुट्टन लाल जी के नाम पर किया जाए और उनकी मूर्ति स्थापित की जाए। सरकार द्वारा शीघ्र ही हनुमान चौराहा से भूगोर तिराया तक फोरलेन का कार्य शुरू होने वाला है, साथ ही यहां चिडियाघर भी प्रस्तावित है। इसलिए संघर्ष समिति की मांग है कि 15 दिनों के अंदर भूगोर तिराया का नामांकरण कप्तान छुट्टन लाल जी के नाम पर हो तथा मूर्ति स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित की जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो आदिवासी समाज धरना-प्रदर्शन एवं बड़ा आंदोलन करेगा। ज्ञापन के दौरान डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मांगें पूरी की जाएंगी। मौके पर नरेंद्र मीणा पूर्व नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम धर्मेंद्र मीणा पूर्व पार्षद, ओम प्रकाश मीणा अध्यक्ष, कप्तान छुट्टन लाल संघर्ष समिति, चेतन मीणा पूर्व अध्यक्ष कला महाविद्यालय, दिनेश छाजूरामपुरा, अर्जुन मीणा, प्रमोद मीणा, सुनील, ऋषि सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार ने दुष्प्रवत्तियों को मिटाने के संकल्प के साथ की पुष्पांजली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति,पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के शिष्यों ने सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर विवेकानंद चौक स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष समाज में फैल रही कुरीतियां, छुआछूत,ऊंच-नीच जैसी दुष्प्रवृत्तियों को दूर करने के संकल्प के साथ स्वामी जी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। सभा में जगदीश प्रसाद गुप्ता, सतीश बड़ाया, मुरारी लाल शर्मा,लक्ष्मीकांत तिवाड़ी ,विजय गुप्ता ,अरुण गुप्ता ,अमित वशिष्ठ ,मुकेश गुप्ता ,ममता गुप्ता एवं शैलेश आदि गायत्री परिवार के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों को अपनाते हुए हमें स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का नवीन भारत बनाना है। इसके लिए हमें मिलजुल कर, प्रेम भावना से रहना चाहिएए भेदभाव को छोड़ कर भाईचारे के साथ रहना होगा। सही अर्थों में तभी हमारा देश एक महान देश बन पाएगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार के युवा मंडल महिला मंडल एप्रज्ञा मंडल सहित ट्रस्ट के सदस्यों ने पुष्पांजलि की। एक मासीय परिवीक्षा पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार से आए विद्यार्थीयों ने भी भावभरा मार्गदर्शन किया।

# गैंगरेप के एक अभियुक्त को उम्रकैद, दूसरा आरोपी फरार-अलवर कोर्ट ने सुनाई सजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के रामगढ़ थाना क्षेत्र में गैंगरेप करने वाले एक अभियुक्त को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही मुल्जिम पर साढ़े 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। हालांकि, गैंगरेप का दूसरा आरोपी अभी भी फरार चल रहा है। गैंगरेप के 5 महीने बाद परिजनों को पीड़िता के प्रेग्नेंट होने का पता चला था।

# इंडिपेन्डेन्ट स्कूल एसोसियेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी के भगवान स्वरूप शर्मा बने प्रदेशाध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**रैणी(अलवर)।** इंडिपेन्डेन्ट स्कूल एसोसियेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी के नये प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव जालौर स्थित विद्या भारती सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में सम्पन्न हुए। जिसमें भगवान स्वरूप शर्मा, सोफिया पब्लिक स्कूल, अलवर को प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। जिसमें राजस्थान प्रदेश के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। जिनमें धौलपुर से वीरेन्द्र दीक्षित ने अलवर के भगवान स्वरूप शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव में निर्विरोध रूप से भगवान स्वरूप शर्मा को 2029 तक यह जिम्मेदारी दी गई। चुनाव अधिकारी मधु भाटी ने सर्वसम्मति से भगवान स्वरूप शर्मा के प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की। भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र कर्णावट व सचिव विनेश शर्मा ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। मीटिंग में बीकानेर से कोडाराम भादू, नागौर से विनेश शर्मा, माणक चौधरी, शैतानराम चांगल, संजय गहलोत, हरदेव गारू, प्रहलाद चौधरी, थौलपुर से वीरेन्द्र दीक्षित, जयपुर से मनोज अमन, पाली से जयशंकर त्रिवेदी, गोपीदास रामावत, वीरेन्द्र मिश्रा, किशनगढ से किशनगोपाल पाराशर, राजसमन्द से राजदीप भाटिया, जालौर से के. एन. भाटी व अजमेर, ब्यावर, बांसवाडा, जोधपुर, बीकानेर, झुन्झुनू, नगर, डीग, अलवर, खैरथल तिजारा, बहरोड कोटपुतली के स्कूल संचालक उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष भगवान स्वरूप शर्मा ने कार्यकारिणी के पदों में के.एन. भाटी जालौर को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया।

# गर्मी जर्सी पाकर मुस्कुराएं नौनिहालों के चेहरे, स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर दो राजगढ़ में भामाशाहों की ओर से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गर्म जर्सीयों का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेश सनसनी ने बताया कि भामाशाह रमेश चंद्र पाबूलाल व उनके पुत्र मदन मोहन गुप्ता द्वारा विद्यालय में अध्यनरत 60 विद्यार्थियों को गरम जर्सीयों का वितरण किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन करके किया गया। सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नंदलाल बैरवा के द्वारा भामाशाहों के द्वारा विद्यालय के बच्चों के लिए गर्म जर्सी वितरण को पुण्य का काम बताया। इस दौरान डॉ खेमसिंह आर्य ने विवेकानंद के बारे में बच्चों को जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना रही। उन्होंने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भामाशाह रमेश चंद पाबूवाल, मदनमोहन गुप्ता, व्यापार संघ के अध्यक्ष बसंत गुप्ता, पूर्व पार्षद राजेंद्र जैन, जगदीश महावर, उमेश मण्डावरा, उषा गुप्ता, रोशनलाल सैनी, अशोक मुखीजा, ओमप्रकाश भुखमारिया, अशोक कुमार शर्मा, रेणुका तिवारी सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ओरेकल टैलेंट हंट एग्जाम में बच्चों ने दिखाया उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के ओरेकल एकेडमी एंड कैरियर इंस्टिट्यूट में रविवार को टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें फेस-1 कक्षा (10 और 12) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों की भारी संख्या को देखते हुए इसको दो पारियों में आयोजित किया गया।

परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों ने भारी संख्या में उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों ने कहा कि हमें इस प्रकार के मंच की आवश्यकता है। इंस्टिट्यूट के निदेशक मनोज कुमार सैनी ने बताया कि इंस्टिट्यूट स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करती है। जिससे इंस्टिट्यूट स्टूडेंट्स की प्रतिभा को एप्रिशिएट करने के साथ साथ नीट व छ्वश्वश्व में एडमिशन लेने पर आर्थिक सहयोग भी प्रदान करती हैं। मनोज कुमार सैनी ने बताया कि इंस्टिट्यूट इस प्रकार की परीक्षा आगे भी आयोजित करती रहेगी।

संस्था के सेंटर हेड हिमांशु जोशी ने बताया की फेस -1 का परीक्षा परिणाम 24 जनवरी को जारी किया जाएगा। यह रिजल्ट्स ओरेकल एकेडमी एण्ड कैरियर इंस्टिट्यूट के नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा व स्टूडेंट्स को कॉल करके भी रिजल्ट के बारे में सूचना दी जाएगी ।

संस्था इसी प्रकार फेस-2 की परीक्षा रविवार 1 फरवरी 2026 को आयोजित करेगा। जिसमें कक्षा 6 से 8 व 9 व 11 के विद्यार्थी भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा को दिखा सकते है। इसमें भाग लेने के लिए विद्यार्थी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से फॉर्म भरकर सकते हैं।

# आध्यात्मिक चेतना ने नरेंद्र को विवेकानंद बना दिया -पंडित धर्मवीर शर्मा

## युवा सपना पूरा करने के लिए नींद भूल जाए- शशांक झालानी

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** सोमवार को अमूल्य भारत फाऊंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से तिवारी आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रेम नगर, मूंगस्का अलवर में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसमें अतिथि के रूप में सीबा मसाले के युवा उद्योगपति शशांक झालानी स्कूल शिक्षा परिवार के संभाग अध्यक्ष लोकेश मिश्रा एवं पदाधिकारी विकास तिवारी जी उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता संस्था के संरक्षक पंडित धर्मवीर शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद चित्रकला एवं निबंधन प्रतियोगिता में प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट एवं स्मृति चिन्ह अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में आदित्य राज ने प्रथम, सुनिधि ने द्वितीय एवं साफिया खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में दीपांशु, इशिता,भावेश ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथि शशांक झालानी ने सभी बच्चों को पढने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास करने की बात कही। मुख्य वक्ता पंडित धर्मवीर शर्मा जी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के बारे में बताया और साथ ही अलवर से जुड़ाव के बारे में भी बताया। उन्होंने स्कूल संचालक रोहिताश तिवारी से कहा कि वे सभी बच्चों को अलवर में बने हुए विवेकानंद स्मारक पर जरूर लेकर जाए। अतिथि लोकेश मिश्रा जी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के देवरा शर्मा ने किया। स्कूल संचालक रोहिदास तिवारी ने सभी को धन्यवाद दिया एवं विद्यालय में कार्यक्रम करने के लिए संस्था का आभार जताया।
कार्यक्रम के अंत में संस्था के देवराज शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनुरोध किया गया।

ग्रामीण खेल महोत्सव व कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

# खेल शरीर,मस्तिष्क व रोजगार के लिए जरुरी-कुमार

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के उपखण्ड बानसूर की ग्राम पंचायत गूंता व शाहपुर में खेल मंत्रालय की ओर से ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन राज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा करवाया गया।

इस मौके पर बोलते हुए राज ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार ने कहा कि खेल शरीर, मस्तिष्क व रोजगार के लिए जरुरी। प्रत्येक मनुष्य को खेल-खेल की भावना से खेलकर शरीर, मस्तिष्क को तंदुरुस्त रखना चाहिए। हमारा और भारत सरकार का उद्देश्य है कि हम निरोगी और रोजगार युक्त भारत का निर्माण करें।इस मौके पर माय के तोताराम गुर्जर ने भी खिलाडियों और उपस्थित खेल प्रेमियों को सम्बोधित किया।इस खेल महोत्सव में पुरुष वर्ग व महिला वर्ग ने कबड्डी, बॉलीबाल, रस्साकसी, लम्बी कूद, ऊँची कूद, खो-खो व महिला वर्ग ने रस्साकसी, ऊँची कूद, लम्बी कूद, कबड्डी और खो -खो में भाग लिया। कबड्डी के पुरुष वर्ग में गूंता शाहपुर के राकेश विजेता तथा गूंता शाहपुर के छगनलाल उप विजेता रहे।वहीं महिला वर्ग में गूंता शाहपुर की नचिता विजेता तो दीपिका उप विजेता रही।पुरुष वर्ग में बॉलीबाल में दौराताकाबास विजेता तो गूंता शाहपुर उप विजेता रहा।वहीं पुरुष वर्ग के रस्सा कसी में गूंता शाहपुर के रविकांत विजेता तथा राकेश उप विजेता रहे।उधर रस्सा कसी में गूंता शाहपुर की रक्षिता विजेता रही तो दीपिका उप विजेता रही। खो-खो में रामनगर की ख़ुशी विजेता रही। लम्बी कूद पुरुष वर्ग में गूंता शाहपुर के नितेश यादव विजेता रहे तो महिला वर्ग में नेहा विजेता रही। ऊँची कूद पुरुष वर्ग में उँछपुर के हिमांशु विजेता रहे तो महिला वर्ग में मौठूका की प्रियंका व दीपिका संयुक्त विजेता रही। इस मौके पर समाजसेवी व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि संदीप यादव,भाजपा नेता व पूर्व सरपंच सतवीर यादव सरपंच प्रतिनिधि जलेसिंह यादव,सरपंच प्रतिनिधि अमर सिंह यादव, सुरेंद्र हलवाई,पूर्व जिला पार्षद अरविंद यादव, रामसिंह यादव पूर्व शारीरिक शिक्षक,अलवर माय भारत से तोताराम गुर्जर,राज फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार,शारीरिक शिक्षक नवबहार,मंगतू राम, जिला पार्षद पूर्ण चंदेला, सेवानिवृत अध्यापकओम प्रकाश मोडा,शारीरिक शिक्षक सतवीर यादव, सरपंच प्रतिनिधि अमीचंद यादव, देशराज मेहरा सहित खेल प्रेमी और गाँवों की खिलाड़ी टीमों के खिलाड़ी मौजूद रहे।

# मंजू गुर्जर बनीं कांग्रेस ओबीसी विभाग की प्रदेश सचिव

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द।** राजस्थान कांग्रेस कमेटी (अन्य पिछड़ा वर्ग) में संगठन विस्तार के तहत चारभुजा निवासी मंजू गुर्जर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जयहिंद के निर्देशानुसार मंजू गुर्जर को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव मंजू गुर्जर ने अपनी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, ओबीसी प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिसिंह राठौड़, पूर्व जिलाध्यक्ष देवकीनंदन गुर्जर, पूर्व जिला प्रमुख नारायणसिंह भाटी, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह, युवा नेता डॉ ललित जालवाल और नगर परिषद सभापति अशोक टांक सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह संगठन की मजबूती और अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि मंजू गुर्जर की नियुक्ति से जिले में ओबीसी वर्ग के बीच कांग्रेस की पकड़ और अधिक मजबूत होगी। गौरतलब है कि मंजू गुर्जर इससे पहले अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष पद पर अपनी सेवाए दे चुकी है।

## सीएमएचओ ने लाखेरी चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी (विश्वनाथ शर्मा)।** सोमवार को बूंदी सीएमएचओ ओपी सांभर ने शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांभर को चिकित्सालय में कई खामियां देखने को मिली। इस दौरान सीएमएचओ सांभर ने अस्पताल की ओपीडी विंडो में मरीजों की कतार को कम करने हेतु क्यू आर कोड का उपयोग करने की सलाह दी। तथा सांभर ने उपस्थित मरीजों को आभा ऐप डाउनलोड कर क्यू आर कोड स्कैन कर पर्ची कटवाने का तरीका भी समझाया औरक्तक्र कोड से रजिस्ट्रेशन करवा कर पर्ची बनवाने के फायदों को भी बताएं।इस दौरान सांभर को मौके पर उपस्थित मरीजों तथा मीडिया प्रतिनिधियों ने चिकित्सालय में चल रही अव्यवस्थाओं तथा चिकित्सकों की कमी के बारे में अवगत कराया। जिस पर सांभर ने शीघ्र ही चिकित्सकों की कमी को पूरा करने तथा चिकित्सालय में चल रही अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## एसडीपीआई मांडल ने उपखंड अधिकारी को वार्ड पुनर्गठन पर आपत्ति दर्ज करवाई



बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी / मांडल।** सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) मांडल विधानसभा कार्यकारिणी द्वारा मांडल पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित वार्ड पुनर्गठन (परिसीमन) को लेकर उपखंड अधिकारी मांडल को लिखित आपत्ति पत्र सौंपा गया।

एसडीपीआई मांडल सचिव इस्माइल छिपा के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान प्रस्तावित वार्ड पुनर्गठन जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति एवं सामाजिक संतुलन के अनुरूप नहीं है। इससे कुछ वर्गों और क्षेत्रों के साथ अन्याय होने की आशंका है। ज्ञापन में मांग की गई कि वार्डों का पुनर्गठन पारदर्शी तरीके से किया जाए तथा सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व का अवसर मिले। इस दौरान जिला महासचिव आजाद जावेद, पूर्व सरपंच उम्मीदवार मांडल एडवोकेट आजाद पठान, मांडल कोषाध्यक्ष एडवोकेट अहमद शेख कार्यकारिणी सदस्य यूसुफ मंसूरी, इमरान बिसायति आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र के किसानों के हिस्से के यूरिया खाद की कालाबाजारी राजस्थान से मध्यप्रदेश परिवहन करती हुई पकड़ी पिकअप

बढ़ता राजस्थान



**इटावा/खातौली (मुकेश गोस्वामी)।** रविवार शाम करीब 7 बजे खातौली कस्बे से मध्यप्रदेश की ओर खाद सप्लाई के लिए जा रही एमपी नंबर की एक प्राइवेट बोलेरो पिकअप को कृषि विभाग द्वारा रोका गया। पिकअप में नीम कोटेड यूरिया खाद के कट्टे लदे हुए थे। मध्यप्रदेश सीमा में प्रवेश से पहले कृषि पर्यवेक्षक द्वारा वाहन को रुकवाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में चालक ने बताया कि राजस्थान के कोटा जिले के इटावा क्षेत्र में स्थित खातौली बायपास रोड के एक गोदाम से नागर एसोसिएट एंड पेस्टिसाइड फर्म के मुनीम एवं तीन हमालों द्वारा 45 किलो वजन के 85 नीम कोटेड यूरिया खाद के कट्टे बोलेरो पिकअप संख्या आरजे-31 टीआर-0372 में भरवाए गए थे। खाद को नीले त्रिपाल से ढककर राजस्थान से मध्यप्रदेश के प्रेमसर ले जाया जा रहा था। इस पर हंसराज मीणा सहायक कृषि अधिकारी इटावा एवं बलराम बेरवा कृषि पर्यवेक्षक (मुख्यालय श्रीपुरा) ने खाद से भरी पिकअप को खातौली पुलिस थाने में सुरक्षित खड़ा करवाया। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे जिले की संयुक्त टीम द्वारा अंतरराज्यीय उर्वरक नियंत्रण नियम 1973 के तहत कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान जॉइंट कृषि अधिकारी डॉ. जया मेहरा (परियोजना निदेशक, सीएडी कोटा), सतेंद्र पाठक (उपनिदेशक उर्वरक, कोटा), राजवीर सिंह (सहायक निदेशक कृषि, मुख्यालय कोटा), डॉ. सत्यनारायण वर्मा (जिला विस्तार अधिकारी, सुल्तानपुर) एवं हंसराज मीणा सहायक कृषि अधिकारी इटावा मौके पर मौजूद रहे। खाद विक्रेता नागर एसोसिएट एंड पेस्टिसाइड इटावा को थाने बुलाकर गहन पूछताछ की गई। जांच में सामने आया कि खाद से भरी पिकअप पकड़े जाने के बाद विक्रेता द्वारा आनन-फानन में आसपास के लोगों के दो-तीन बिल फाडक़र एक दिन पूर्व की तारीख दर्शाई गई, जिन्हें मध्यप्रदेश में परिवहन के लिए अधिकारियों ने अमान्य बताया। इसके बाद संयुक्त कार्रवाई करते हुए वाहन में भरे सभी 85 नीम कोटेड यूरिया खाद के कट्टों को जब्त कर लिया गया। खाद के नमूने लेकर सील किए गए। जब्त किए गए 45 किलो वजन के 85 यूरिया खाद के कट्टे सरकारी समिति खातौली की व्यवस्था हेमराज मीणा को सुपुर्द किए गए। मामले में आगे की जांच और नियमानुसार कार्रवाई जारी है। गौरतलब है कि एक तरफ तो हाडोती के किसानों को उर्वक लेने के लिए लाइनों में लगने के बाद 1 से 5 यूरिया एवं डीएपी खाद बड़ी मुश्किल से मिल मिलता है वही खाद की कालाबाजारी राजस्थान से मध्यप्रदेश तक का खेल कई सालों से चल रहा है जिसकी किसी को भनक तक नहीं लग पाई। जब हमारे द्वारा अवैध खाद से भरी हुई बोलोरो पिकअप वाहन के ड्राइवर नरेश प्रजापति से जानकारी ली तो उसने बताया कि पिकअप गाड़ी विनोद नागर मध्यप्रदेश प्रेमसर वालों की है उन्होंने किसी किसान के लिए इटावा बाईपास रोड के नागर खाद दुकानदार के गोदाम से 85 कटै यूरिया खाद के भरवा कर मंगवाया है जो प्रेमसर खाली करने हैं।

### इनका कहना

यदि हमारे क्षेत्र के किसानों के खाद की कालाबाजारी या अन्य राज्य में परिवहन किया जा रहा है तो गलत है जो भी खाद विक्रेता कालाबाजारी करवा रहा है उसके खिलाफ कार्रवाई करवाएंगे।

**प्रेमगोचर,भाजपा देहात जिला अध्यक्ष**

कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा सूचना दी गई राजस्थान व मध्यप्रदेश बॉर्डर की पार्वती नदी पुलिया पर अवैध यूरिया खाद के परिवहन करते हुए एमपी नंबर बोलोरो पिकअप यूरिया खाद से भरी हुई पकड़ी गई है जिनके खिलाफ खातौली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है खाद विक्रेता के गोदाम एवं पोस् मशीन का स्टॉक चेक करके ठोस कार्रवाई करेंगे।

**सत्यनारायण वर्मा, जिला कृषि विस्तारक अधिकारी सुल्तानपुर।**

# कुंडेरा वॉरियर्स को 32 रन से हराकर टीम स्पार्टन बनी चैंपियन

## पोरवाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (का.स.)।** पोरवाल समाज कोटा के तत्वावधान में जेके पवेलियन स्टेडियम पर आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय पोरवाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फाइनल मैच में टीम स्पार्टन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुंडेरा वॉरियर्स को 32 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने विजेता टीम स्पार्टन को 51,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम कुंडेरा वॉरियर्स को 31,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं तथा युवाओं की प्रतिभा को आगे लाने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने स्वयं भी कुछ गेंदें खेलकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजक पोरवाल क्रिकेट क्लब के निलेश जैन, अंकित जैन एवं आशीष जैन ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम स्पार्टन ने 153 रन बनाए, जबकि जवाब में कुंडेरा वॉरियर्स की टीम 121 रन ही बना सकी। प्रतियोगिता में कोटा, जयपुर, सूरत, पुणे, दिल्ली, मुंबई सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आई टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता हितेंद्र शर्मा, डॉ. राजीव जैन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की टीमों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला रहा। मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बॉलर का पुरस्कार अशोक बगावदा को तथा बेस्ट बैट्समैन व मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सम्यक जैन को प्रदान किया गया।

## किसानों के धरना प्रदर्शन में बरसा भक्तिरस

# अनदेखी से आक्रोशित किसान चले आस्था की डगर पर

बढ़ता राजस्थान



**नैनवाँ,(टी.आर सैनी)।** फसल खराब मुआवजा एंव प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गड़बड़ झाले की जांच करवाने की मांग को लेकर किसान महापंचायत के तत्वाधान में किसानों का धरना 12 वे रोज भी जारी रहा ।

सोमवार को किसान प्रतिनिधि किशन नाथ दाना गांव महादेव मंदिर पर पहुंचे जहां पुजा अर्चना कर क्षेत्र के किसानों को न्याय के लिए दुआ मांगी गई । सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए धरना स्थल पर पहुंचने का निमंत्रण दिया गया ।

किसानों का मानना है कि जब सरकार किसानों के अनदेखी करती है ऐसे में किसान अपने अपने आस्था के थानको पर जाकर लोक देवताओं से न्याय की गुहार लगाते हैं । नैनवा तहसील कार्यालय परिसर के बाहर किसान 1 जनवरी से हल को उल्टा गाढक़र धरना प्रदर्शन कर रहे हैं 7 धरना प्रदर्शन शांतिपूर्वक चल रहा है। सोमवार को धरने पर महादेव के ब्यावलो भजन गायन रामलाल नाथ, शोपाल नाथ मुलचंद , महाराज मुकेश योगी द्वारा गाया गया । किसान नेता कजोडमल, उप सरपंच दिनेश , पूर्व सरपंच देवलाल गुर्जर , मायाराम मीणा गणेश चोधरी, रमेश ,गणेश ,योगी नासीर मोहम्मद, एम डी अंसारी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

## क्रय विक्रय सहकारी समिति ढंढार जिला झुंझुनूं में व्यवस्थापक महिपाल सिंह को 30,000 रूपये रिश्वत लेते हुये पकड़ा गया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी श्री महिपाल सिंह, ग्राम सेवा सहकारी समिति ढंढार में व्यवस्थापक को 30,000/- रूपये रिश्वत राशि लेते हुये पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी ने अपने पिता, ताउ आदि के मूंग एम.एस.पी. के तहत क्रय विक्रय सहकारी समिति ढंढार में विक्रय हेतु तुलवाये थे जिसमें व्यवस्थापक द्वारा प्रति क्विन्टल 300 रुपये के हिसाब से रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा था। परिवादी ने अपने तथा अपने परिचितो के करीबन 100 क्विन्टल मूंग की तुलवाई क्रय विक्रय सहकारी समिति ढंढार में करवाई गई। इसके अलावा आरोपी द्वारा प्रति किसान शपथ पत्र के 5000 रुपये रिश्वत के अलग से मांग की गई । प्राप्त शिकायत पर दिनांक 05.01.2026 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया गया जिसमें आरोपी श्री महिपाल सिंह द्वारा तुलवाये गये मूंग के परिवादी से 30,000 रुपये रिश्वत के की मांग करना पाया गया।

## रामगंजमंडी में गाय पर कुल्हाड़ी से हमला, पिछला पैर काटा

### आरोपी की गिरफ्तारी के बाद थाने के बाहर धरना, माफी के बाद प्रदर्शन समाप्त

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी (प्रमोद राठौर)।** शहर में गाय पर हुए अमानवीय हमले की घटना से पूरे क्षेत्र में गहरा आक्रोश फैल गया। गायत्री मंदिर के समीप स्थित वार्ड संख्या 39 में रविवार रात करीब 8 बजे एक युवक ने गाय पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसका पिछला पैर काट दिया। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों, गौभक्तों एवं गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त हो गया। जानकारी के अनुसार गाय घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान अचानक उसके कराहने की तेज आवाजें सुनाई दीं। बाहर निकलकर लोगों ने देखा कि गाय के पैर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। घायल गाय को तत्काल झालावाड़ पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका ऑपरेशन किया गया। घटना की सूचना मिलते ही गौ रक्षा दल कमांडो एवं स्थानीय लोग रामगंजमंडी थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रविवार रात को ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया।

इसके बावजूद सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने आरोपी को कड़ी सजा दिलाने और बाजार में जुलूस निकालने की मांग को लेकर सुबह करीब साढ़े 11 बजे से दोपहर ढाई बजे तक रामगंजमंडी थाने के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। धरने की सूचना पर डीएसपी घनश्याम मीणा मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से समझाइश की, लेकिन इसके बावजूद कुछ समय तक धरना जारी रहा। बाद में रामगंजमंडी थाना प्रभारी संदीप शर्मा ने पीडित्त परिवार एवं प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। पुलिस की समझाइश के बाद आरोपी को पीडित्त परिवार के समक्ष पेश किया गया, जहां उसने हाथ जोडक़र माफी मांगी और अपनी गलती स्वीकार की। आपसी सहमति बनने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम पर सतत निगरानी रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखी।

## मांझे का कहर: राशन लेने निकले व्यक्ति के ललाट पर 4 इंच का गहरा कट, आंख बाल-बाल बची

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** चाइनीज मांझे का जानलेवा खतरा शहर में लगातार सामने आ रहा है। नांता बरड़ा बस्ती निवासी बाबूलाल 9 जनवरी को घर से राशन का गेहूं लेने के लिए निकले थे। चुंगी नाका से पहले अचानक पतंग की डोर, संभावित रूप से चाइनीज मांझा, उनके सिर से टकरा गई। कुछ समझ पाते उससे पहले ही मांझे ने सिर पर लगी टोपी को काटते हुए ललाट पर गहरा घाव कर दिया। बाईं आंख के ऊपर करीब 3 इंच और नाक के ऊपर लगभग 1 इंच लंबा कट लग गया। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण बाबूलाल मौके पर ही गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें कुन्हाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ड्यूटी डॉक्टर अंजू शर्मा ने तत्काल उपचार किया। डॉक्टर के अनुसार आंख के ऊपर 13 तथा नाक के ऊपर 4 टांके लगाए गए। लगातार खून बहने के कारण काफी देर तक दबाव देकर घाव को संभाला गया। इसी दिन कुन्हाड़ी क्षेत्र में बाइक सवार 13 वर्षीय किशोर भी चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। हेलमेट पहनने के बावजूद मांझे ने जैकेट तक काट दी, जिससे कंधे पर गहरा कट लग गया। मांझा हटाने के प्रयास में उसकी तीन उंगलियां कट गईं, जिन पर ड्यूटी डॉक्टर अभिमन्यु शर्मा ने टांके लगाकर उपचार किया। सीएचसी प्रभारी डॉ. चंद्रप्रकाश ने बताया कि पिछले 10 दिनों में मांझे से घायल होने के 8 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें जियो मार्ट के तीन कर्मचारी भी शामिल हैं। नगर निगम द्वारा चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान जारी है।

### सेवा संगम समारोह में 31 सेवाभावी संस्थाओं का सम्मान

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से विकसित भारत की ओर-राज्यपाल राज्यपाल हरीभाऊ

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** भारत विकास परिषद, कोटा महानगर द्वारा स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती के अवसर पर श्रीनाथपुरम स्थित शिवज्योति स्कूल सभागार में सेवा संगम सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ वागडे रहे। अध्यक्षता परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविंद गोयल ने की, जबकि मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सह संपर्क प्रमुख योगेन्द्र जी रहे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय संयोजक किशन पाठक, प्रांतीय महासचिव हिमांशु चतुर्वेदी एवं शिक्षाविद् मनोज जैन उपस्थित रहे। समारोह में सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रही कोटा महानगर की 31 सेवाभावी संस्थाओं को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। राज्यपाल वागडे ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों में ही उसकी वास्तविक शक्ति निहित है। बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक क्षमता के समन्वित विकास से भारत विश्व में अग्रणी बनेगा। मुख्य वक्ता योगेन्द्र जी ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, सुदृढ़ परिवार व्यवस्था और स्वदेशी जीवनशैली पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन रवि प्रकाश विजय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु चतुर्वेदी ने दिया।

# भरतपुर-ब्यावर एक्सप्रेस-वे से पहले चार प्रमुख सड़कें बने फोरलेन, तब ही मिलेगी विकास की गति

## फोरलेन सड़कें बनाने का सुझाव समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री को दिया

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर-ब्यावर एक्सप्रेस-वे निर्माण से पहले भरतपुर व डीग जिलों के तीव्र, संतुलित एवं स्थायी विकास के लिए चार प्रमुख सड़कों को फोरलेन करने का सुझाव मुख्यमंत्री को समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने पत्र लिखकर दिया है।

गुप्ता द्वारा लिखे गये पत्र में कहा है कि भरतपुर-ब्यावर एक्सप्रेस-वे निर्माण से भरतपुर व डीग जिलों के विकास को लाभ मिलेगा। लेकिन भरतपुर-मथुरा फोरलेन, भरतपुर-बहरोड़, डीग-पहाड़ी से ग्रीन एक्सप्रेस-वे तक, और कामां-जुरहरा-होडल फोरलेन सड़क बनने से क्षेत्र के औद्योगिक, शैक्षिक, पर्यटन, सांस्कृतिक व ऐतिहासिक दृष्टि से विकास को नई गति मिलेगी। भरतपुर-मथुरा फोरलेन सड़क फोरलेन बनने से भरतपुर सीधे उत्तर प्रदेश के विकसित फोरलेन नेटवर्क से जुड़ जाएगा। इससे भरतपुर से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की दूरी लगभग डेढ़ घंटे तथा नोएडा की दूरी करीब दो घंटे रह जाएगी, जिससे शिक्षा, व्यापार, निवेश और पर्यटन को बड़ा लाभ मिलेगा। जबकि भरतपुर-बहरोड़ फोरलेन सड़क किशनगढ़ हाईवे से जुड़कर शेखावाटी के प्रमुख धार्मिक स्थलों खाटू श्यामजी और सालासर बालाजी को ब्रज क्षेत्र से सीधे जोड़ेगी। इससे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा।

इसी प्रकार डीग-पहाड़ी से ग्रीन एक्सप्रेस-वे तक फोरलेन सड़क बनने से डीग से दिल्ली की दूरी मात्र डेढ़ घंटे रह जाएगी। इससे डीग क्षेत्र में शिक्षा, होटल, व्यापार और सेवा क्षेत्र में बड़े निवेश की संभावनाएं खुलेंगी साथ ही कामां-जुरहरा-होडल फोरलेन सड़क बनाया जाना मेवात क्षेत्र के औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके निर्माण से जुरहरा औद्योगिक क्षेत्र का पुनर्जीवन होगा और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

सीताराम गुप्ता ने कहा कि इन चारों सड़कों का निर्माण भरतपुर-ब्यावर एक्सप्रेस-वे की उपयोगिता को कई गुना बढ़ा देगा। पहले इन सड़कों के बनने से एक्सप्रेस-वे का लाभ सीधे किसानों, युवाओं, व्यापारियों और पर्यटकों तक पहुंचेगा।

# मंत्री अब्दुल रहमान ने नेपाल के बालक बालिकाओं प्रदान किये बाल गौरव अवार्ड



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** नेपाल में स्व. शिवदत्त पांडेय थानेदार मेमोरियल भुसावर ने भुसावर का पचरम पहराया नेपाली 125 मेधावी बालक बालिकाओं को राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच एवं स्व.श्री शिवदत्त पांडेय थानेदार मेमोरियल भुसावर के संयुक्त तत्वावधान में मेधावी बाल प्रतिभाओ के सम्मान कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाये जा रहे अभियान में नेपाली मंत्री अब्दुल रहमान ने नेपाली बालक बालिकाओं को वैदिक परम्परा अनुसार तिलक लगाकर बाल गौरव अवार्ड अभिनन्दन पत्र व मोमेन्टो प्रदान किये।

# पावटा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा टला: केमिकल टैंकर पलटा

## ई-रिक्शा व कार क्षतिग्रस्त, प्रागपुरा पुलिस की तत्परता से स्थिति नियंत्रित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे से होकर गुजरने वाले दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पावटा नदी बहाव क्षेत्र स्थित नहर वाली पुलिया के ऊपर सोमवार दोपहर केमिकल से भरा एक टैंकर अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बैटरी ई-रिक्शा पर पलट गया। हादसे में रिक्शा के परखच्चे उड़ गए तथा कुछ दूरी पर खड़ी स्विफ्ट डिजायर भी चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गई। सौभाग्य से दोनों वाहनों में उस समय कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम मय जाप्ते के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। केमिकल लदे टैंकर को देखते हुए जोखिम की गंभीरता को भांपते हुए थाना प्रभारी ने दमकल दल को बुलवाया। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर टैंकर पर पानी डालकर आग व रासायनिक प्रतिक्रिया की आशंका पर नियंत्रण किया।

# सरकार के रुख़ से नाराज 88 संगठनों के हजारों कर्मचारियों ने निकाली राजधानी की सड़कों पर विशाल चेतावनी महारैली

## अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने सरकार को चेताया कर्मचारियों की मांगों का जल्द हो निराकरण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** प्रदेश के कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों एवं सात संकल्पों को पूरा करवाने की मांग को लेकर सोमवार को राजधानी जयपुर की सड़कों पर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के आह्वान पर प्रदेश कर्मचारियों का सैलाब उमड़ पड़ा । महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा की अगुवाई में 88 संगठनों के हजारों कर्मचारियों एवं संविदा कार्मिकों की महा रैली रामनिवास बाग से शुरू हुई जो राजधानी की सड़को से निकलते हुए सिविल लाइन फाटक पर पहुँची जहाँ कर्मचारियों की विशाल सभा हुई। महा रैली में महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अगुवाई में धौलपुर जिले के विभिन्न संगठनो के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों की रैली के बाद हुई विशाल सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने कहा कि सरकार के 2 साल के शासनकाल में कर्मचारी मांगों की लगातार अनदेखी एवं संवादहीनता बरती जा रही है। आईएएस अधिकारी गलत रिपोर्ट कर सरकार को गुमराह कर रहे हैं यदि जल्द सरकार ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो सरकार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। कर्मचारियों की विशाल चेतावनी महारैली को महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह राठौड़ बन्नारामचौधरी, महामंत्री महावीर सिहाग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, आयुदान सिंह कविया राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद गुर्जर, पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा सहित विभिन्न संगठनों के प्रांतीय नेताओं महासंघ कर्मचारियों की 11 सूत्री मांगपत्र जिसमें स्थायी व स्पष्ट स्थानांतरण नीति बनाने तथा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले करने,लंबे समय से कोर्ट में अटकी पदोन्नतियों की व्यवस्थित व त्वरित सुनवाई करवाकर पदोन्नति करवाने, अधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन कर वेतन विसंगति दूर करने, संविदा कार्मिकों के नियमितीकरण करवाने एवं ओपीएस से छेड़छाड़ बंद करवाने की मांग की। महारैली में धौलपुर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा, जिलामंत्री रविंद्र सिंह त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीराम गोस्वामी, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार तोमर, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, जिलामंत्री चंद्र शेखर शर्मा, कोषाध्यक्ष नंद किशोर लोधी, नर्सेज एसोसिएशन के ज़िलाध्यक्ष जगदीश मान, कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र वशिष्ठ, प्रदीप शर्मा, नीरज कुमार, कृष्णकांत शर्मा, रघुनाथ प्रसाद, आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा, वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण शर्मा, पशुपालन संघ के महामंत्री अजीत चौधरी, पैरा टीचर्स संघ ज़िलाध्यक्ष सत्यभान शर्मा कानूनगो संघ के हृदयेश पाठक नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के सैकड़ों की संख्या में धौलपुर, राजखेड़ा, बाड़ी, बसड़ी, सरमथुरा से कर्मचारियों ने शामिल होकर सहभागिता निभाई।

# सुशासन का मतलब है जनता के बीच जाकर समस्याओं का समाधान- जवाहर सिंह बेढ़म

## सीकरी क्षेत्र में प्रात : कालीन आकस्मिक निरीक्षण, आमजन से सीधा संवाद कर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

### पिराका बास और किशनपुरा में विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी, बिजली-पानी-सड़क और सफाई व्यवस्था की ली जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**डीग, (नि.स.)।** सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं को मौके पर जाकर सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है,यह बात गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने सीकरी क्षेत्र के प्रात:कालीन आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कही। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जन-सुनवाई और जवाबदेह प्रशासन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने दिन की शुरुआत सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर की। उन्होंने पिराका बास, किशनपुरा और सूरज वाल्मीकि बस्ती का दौरा कर बिना किसी औपचारिकता के आमजन से संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। पिराका बास और किशनपुरा में ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट, सड़कों की जर्जर स्थिति और सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं रखीं। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व कार्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को समझकर त्वरित निर्णय लेना आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक जन-अभाव अभियोग का निस्तारण मिशन मोड में किया जाएगा। दौरे के दौरान मंत्री बेढ़म विशेष रूप से सूरज वाल्मीकि बस्ती पहुंचे, जहां उन्होंने वंचित वर्ग के लोगों की समस्याएं सुनीं। बेढम स्पष्ट रूप से कहा कि विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के हर वर्ग तक समान रूप से पहुंचे। बस्ती में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बिजली और पानी की समस्याओं को लेकर दिए गए ज्ञापनों पर मंत्री बेढ़म ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि जन-समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है और सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण एवं संवाद कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम विकास समितियों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल और गर्म वस्त्र

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** कड़ाके की सर्दी और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप के बीच सामाजिक सरोकारों को निभाते हुए श्री ओम बन्ना टाइगर फोर्स टीम, हनुमानगढ़ द्वारा सेवा कार्य किया गया।

टीम के सदस्यों ने देर रात स्थानीय रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड परिसर में खुले में सो रहे बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को कंबल व गर्म वस्त्र वितरित किए। इस पुनीत कार्य में हनुमानगढ़ टाउन थानाधिकारी अशोक बिश्नोई ने भी विशेष रूप से उपस्थित रहकर टीम के सेवा भाव की सराहना की।

इस अवसर पर टीम के जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने कहा कि, बढ़ती ठंड को देखते हुए हमारी टीम का यह छोटा सा प्रयास उन लोगों के लिए है जिनके पास सिर ढकने को छत और शरीर ढकने को पर्याप्त कपड़े नहीं हैं। मानवता की सेवा ही हमारा मुख्य लक्ष्य है और टीम आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखेगी।

वहीं जिला संगठन मंत्री पवन बरोड़ ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, नर सेवा ही नारायण सेवा है। भीषण ठंड में किसी जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। समाज के हर सक्षम व्यक्ति को ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। वस्त्र वितरण के दौरान अजय सिंह राणा, पवन बरोड़, मीडिया प्रभारी प्रदीप पाल, सरजीत ढील, गोरु सिंह सोलंकी, हनुमान सैन सहित टीम के अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों ने टीम द्वारा किए गए इस मानवीय कार्य की प्रशंसा की है।

# अतिरिक्त निदेशक डॉ रमेश मीणा का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ रमेश मीणा के भरतपुर आगमन पर श्री गिर्राज आरोग्य सेवा समिति के संरक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित अध्यक्ष नेमीचंद शर्मा उपाध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा सचिव ईश्वर चंद द्वारा दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक डॉ रमेश मीणा ने कहा कि आयुर्वेद पद्धति का अधिक से अधिक लाभ मिल सके उसके लिए आयुर्वेद विभाग एवं आयुष मिशन भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयुर्वेद के सभी सेवा प्रकल्प पंचकर्म आदि को सुविधा जनक बनाया जा रहा है। उन्होंने आयुर्वेद विभाग में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारियों को नियमित आमजन को अधिक से अधिक रोगी और अभिभावकों को मित्रवत व्यवहार करते हुए सेवाएं प्रदान करने की बात कही। सीनियर मेडिकल आफिसर डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने इस अवसर पर राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में संचालित सेवा प्रकल्पों के बारे विस्तृत जानकारी दी एवं सर्दियों में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु संचालित सेवाओं के बारे में बताया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा ने जिले में विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रसायनशाला प्रभारी डॉ उमेश गोदन डॉ महेश लवानिया नारायण औषधि फार्मा के एम डी अनिल यादव रंजन अग्रवाल सेल्स मैनेजर अमित शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी का आभार व्यक्त डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने किया।

# बाड़ी से शुरू हुई प्रयागराज के लिए बस सेवा, विधायक जसवंत गुर्जर ने किया रवाना

## 27 साल से बाड़ी की जनता का कर्ज, मुलभुत सुविधाओं में नहीं आने दूंगा कमी -जसवंत

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान रोडवेज द्वारा बाड़ी से संगम प्रयागराज इलाहाबाद के लिए बस सेवा शुरू की गई है। सोमवार को शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर एक कार्यक्रम आयोजित कर बस को प्रयागराज के लिए विधायक जसवंत गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक जसवंत गुर्जर ने कहा कि बाड़ी के लोग इस बस सेवा से प्रयागराज जाकर गंगा जी में स्नान कर सकेंगे और वहां से इसी बस से दूसरे दिन वापस लौट सकेंगे। उन्होंने बताया कि बाड़ी की जनता की मांग पर उन्होंने इस बस सेवा को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से विशेष आग्रह कर शुरू कराया है। अन्य पांच रूट जो बंद पड़े हैं उन पर भी जल्द बस सेवा बहाल होने की उम्मीद है। विधायक जसवंत गुर्जर ने कहा कि भी 27 साल से वे बाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जुड़े हैं। उन्होंने उनको दूसरी बार विधायक बनाकर जो मौका दिया है। इसको लेकर वे उनके आभारी हैं। उनका प्रयास रहेगा की जनता को किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। नगर पालिका के भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने पूर्व में मांग की थी उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जल्द विधानसभा में फिर मामले को उठाया जाएगा। वहीं नगर पालिका को नवीन भवन की जरूरत है। उसके लिए भी मांग उठाई है। शहर के कोर्ट कैंपस के जीर्ण- शीर्ण भवन को लेकर भी उनका प्रयास रहेगा कि जल्द कोर्ट के लिए नया कैंपस बने। कार्यक्रम में धौलपुर डिपो के प्रबंधक जगजीत सिंह ने कहा कि सोमवार से प्रयागराज के लिए कुम्भ मेला स्पेशल बस शुरू हुई है। जिसका रूट धौलपुर, पिनाहट बाह,इटावा, औरैया कानपुर होकर रहेगा। यह बस सुबह 9.30 बजे बाड़ी से रवाना होगी। जो रात 9 बजे इलाहाबाद पहुंचेगी। वहां से दूसरे दिन सुबह 9 बजे वापस इसी मार्ग से बाड़ी आएगी। पहले दिन बस से 25 यात्रियों को रवाना किया गया है। विधायक जसवंत गुर्जर की अभिशंषा पर जल्द अयोध्या, अलीगढ़, करौली, जयपुर, सोरोजी के लिए भी बस सेवा शुरू की जाएगी। कार्यक्रम में एसडीएम भगवत शरण त्यागी, नगर पालिका ईओ अभिताभ मीणा, वरिष्ठ पदाधिकारी दिनेश बागथरिया, संतोष पंडित, रविंद्र गुर्जर के साथ तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्वामी विवेकानंद की जयंती, शिक्षक संघ ने मनाया नववर्ष स्नेह सम्मेलन

## कन्या कॉलेज में मनाया युवा दिवस, कायस्थ समाज ने भी किया स्वामी विवेकानंद को याद

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर राजस्थान शिक्षक संघ युवा धौलपर द्वारा शहर के संतनगर रोड स्थित एक निजी मैरिज होम मे विवेकानंद जयंती और शिक्षक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, अति विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश महामंत्री बीजेपी मोतीलाल मीना व जिला अध्यक्ष बीजेपी राजवीर राजावत, विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुक्खो देवी मीना, एडिपीसी जीतेन्द्र सिंह जादौन, कल्याण मीना, राजेंद्र सिंह मीना,डॉ. वीरेंद्र यादव, महासंघ प्रदेश संघठन मंत्री ड़ॉ. रंजीत मीना, महासंघ जिला अध्यक्ष चंद्रभान चौधरी, हरिओम सिकरवार, दीपक शिवहरे, राजेश चाहर, कल्याण सिंह मीना, जगन्नाथ मीना, घनश्याम मीना अतिथि उपस्थित रहे।

### कन्या कॉलेज में मनाया गया युवा दिवस

शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम प्राचार्य मनोज कुमार सिंह के निर्देशन और महाविद्यालय प्रभारी गुमान सिंह मीणा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर की गई। इसके बाद मां सरस्वती की वंदना हुई। महाविद्यालय प्रभारी गुमान सिंह मीणा ने छात्राओं को युवा दिवस के महत्व के बारे में बताया।

इतिहास के व्याख्याता कबीर शरण ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व,आध्यात्मिक दर्शन और उनके शैक्षणिक व राजनीतिक विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का आगमन तत्कालीन राजपूताने के खेतड़ी राज्य में हुआ था, जहां महाराजा अजीत सिंह ने उनका आदर-सत्कार किया था। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र सिंह मीणा, बाबर अली, डॉ. मुज़म्मिल शैली, डॉ. सद्दाम हुसैन सहित कई सहायक आचार्य उपस्थित रहे।

### कायस्थ समाज ने किया स्वामी जी को याद -

शहर की चित्रगुप्त सेवा समिति द्वारा बाबूलाल कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में अचल पेंटर के कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद की जयंती का आयोजन किया। जिसमें स्वामीजी की तस्वीर पर पुष्प वर्षा करते हुए उनको याद किया गया। कार्यक्रम में अचल माथुर, खेमचंद कुलश्रेष्ठ, ग्रीश कुलश्रेष्ठ, नरेश श्रीवास्तव, शिव कुमार, अर्पित, वासुदेव, नीतेश, राजेंद्र, हृदयभूषण, दीपक, अभी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन, सुदामा चरित्र व बाणासुर कथा पर झूमे श्रद्धालु, हवन-यज्ञ व अखंड भंडारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित श्री राम मंदिर में पिछले आठ दिनों से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन समारोह का सोमवार को भव्य विसर्जन किया गया। समापन अवसर पर सुदामा चरित्र तथा भगवान श्रीकृष्ण, बाणासुर एवं भगवान शिव से जुड़ी कथाओं का भावपूर्ण और संगीतमय वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। समारोह के अंतिम दिन हवन-यज्ञ, विशेष पूजा-अर्चना, सामूहिक महाआरती, प्रसादी वितरण एवं अखंड भंडारे का भी आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। यह विशाल धार्मिक आयोजन बयाना उपखंड के गांव बागरैन निवासी प्रमुख रेडीमेड गारमेंट कारोबारी हेमंत गोयल एवं सोनिया गोयल दंपती की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गोयल परिवार के गोपाल गोयल, जितेंद्र गोयल, गौरव गोयल, रमेश गोयल, राजेश गोयल, बृजेश गोयल, सुनील गोयल, सुरेश गोयल, जिनेश गोयल, कान्हा गोयल सहित दिल्ली के अनेक गणमान्य नागरिक सपरिवार उपस्थित रहे। कथा आचार्य पंडित बृजेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण व बाणासुर, भगवान शिव तथा सुदामा चरित्र की कथाओं का संगीतमय शैली में वर्णन किया। श्रीकृष्ण-सुदामा की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा के दौरान भक्तगण भक्ति रस में झूमते नजर आए, वहीं महिलाओं ने भी भजनों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। कथा प्रवचन के दौरान पंडित बृजेश शास्त्री ने कहा कि धर्मग्रंथ और शास्त्र हमें अनुशासित, सहज, तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। शास्त्र प्रेम, दया, परोपकार, समाज सेवा तथा धर्म और अनुशासन के पालन का संदेश देते हैं।

जय स्वदेशी के उद्घोष से गूंजा कोटड़ा

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद जयंती को समर्पित स्वदेशी संकल्प दौड़



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ा में स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता तथा स्वदेशी संकल्प दौड़ (रन फॉर स्वदेशी) का भव्य आयोजन किया गया उठो, जागो और लक्ष्य तक रुको मत—विवेकानंद का संदेश कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार प्रजापति द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी संकल्प दौड़ को रवाना करने के साथ हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने का महत्व समझाते हुए स्वामी विवेकानंद के प्रेरक कथनउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए का उल्लेख किया और युवाओं से लक्ष्य प्राप्ति तक सतत परिश्रम करने व विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विद्यालय से प्रारंभ हुई रन फॉर स्वदेशी दौड़ बस स्टैंड व गांव के मुख्य बाजार से होकर निकली। रैली में 'जय स्वदेशी, जय-जय स्वदेशी', 'जब बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लाएंगे', 'लोकल को अपनाओ, भारत को चमकाओ', 'कौशल विकास—देश का विकास' जैसे नारों के साथ स्वदेशी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर भैरू राम बुनकर, मोना काठात, हेमराज, अजय कुमार पुनिया, मनीष व्यास, उपप्रधानाचार्य अनिल कुमार व्यास सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने युवाओं में स्वदेशी अपनाने और राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

## मुंशी में मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु आयुर्वेदिक काढ़ा वितरित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय मुंशी के डॉ. सरफराज अली खान ने बताया कि उपखंड अधिकारी बनेड़ा श्रीकान्त व्यास एवं उप निदेशक आयुर्वेद विभाग भीलवाड़ा डॉ. महाराज सिंह के निर्देशानुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुंशी में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए औषधि गुणों से युक्त आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद नर्स मनराज जाट द्वारा काढ़े का निर्माण किया गया। डॉ. सरफराज अली खान ने बताया कि औषधीय गुणों से युक्त गोजीहवादी क्वाथ एक प्रभावी आयुर्वेदिक औषधि है, जो खांसी, अस्थमा, श्वसन मार्ग के रोग, नाक में रुकावट, नासाशोध तथा गंध एवं स्वाद में कमी जैसी समस्याओं में उपयोगी है। काढ़े के नियमित सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है तथा वर्तमान मौसम में होने वाली वायरल खांसी, जुकाम और बुखार से राहत मिलती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने 'वंदे मातरम' राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन कर देशभक्ति का संदेश दिया।

## राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न




बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)। राजस्थान मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव यूनियन, भीलवाड़ा इकाई का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड राकेश गालव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉ. सुनील मित्तल उपस्थित रहे। सम्मेलन में इकाई सचिव कॉमरेड रामेश्वर लाल जाट ने अपनी वार्षिक सचिव रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि कोषाध्यक्ष कॉमरेड कपिल वर्मा ने कोषाध्यक्ष रिपोर्ट रखी। दोनों रिपोर्टों को उपस्थित सभी साथियों ने सर्वसम्मति से पारित किया। प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड राकेश गालव ने सरकार द्वारा समाप्त किए गए 29 श्रमिक कानूनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आने वाली समस्याओं के प्रति सभी साथियों को एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में सेल्स प्रमोशन कर्मचारी अधिनियम 1976 समाप्त किए जाने से सेल्स प्रमोशन कर्मचारियों की नौकरियों पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों पर भी अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि डॉ. सुनील मित्तल ने मेडिकल प्रतिनिधियों और चिकित्सकों के आपसी संबंधों पर उद्बोधन दिया। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कॉमरेड महावीर पांडे ने भीलवाड़ा इकाई की आगामी गतिविधियों की जानकारी दी। सम्मेलन के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें इकाई सचिव पद के लिए कॉमरेड कुलदीप सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए कॉमरेड कपिल वर्मा को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। वार्षिक सम्मेलन में वरिष्ठ साथी कॉमरेड दिनेश जोशी, ललित शर्मा, रूपेश साहू, मुकेश शर्मा, राजेन्द्र पांडे, संदीप जैन, कार्तिक पुरोहित, दिनेश देवपुरा, अंकुर माहेश्वरी, गिरिराज मेघवाल, अरविंद गोयल सहित 125 से अधिक साथी उपस्थित रहे।

जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार व विकास को लेकर आरएमआरएस की अहम बैठक सम्पन्न

# आमजन को मिले त्वरित, सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं-कृपलानी

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी (आरएमआरएस) एवं स्वामी विवेकानन्द राजकीय जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा के सलाहकार मण्डल की बैठक पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाना तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। बैठक में जिला चिकित्सालय के विकास, साफ-सफाई व्यवस्था, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, भवन रख-रखाव एवं निर्माणाधीन नवीन भवन के कार्यों में प्रगति लाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पीएमओ डॉ. राघव सिंह ने अस्पताल की वर्तमान व्यवस्थाओं एवं संचालन से अवगत कराते हुए प्रस्तावित एजेंडा बिंदुओं की जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़ी। बैठक में आरएमआरएस, आईएचएमएस एवं सुरक्षा सेवाओं से संबंधित टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने, पूर्व में किए गए कार्यों के भुगतान से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृतियां लेने, जिला चिकित्सालय भवन के बाहरी भाग के रंग-रोगन एवं आंतरिक हॉल के रख-रखाव से जुड़े कार्यों को स्वीकृति देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों के साथ ही 2 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के निर्णय लिए गए। बैठक में इसके साथ ही मोर्चरी में आवश्यक उपकरणों की स्थापना व मरम्मत, ऑपरेशन थियेटर में तकनीकी व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, अस्पताल में फर्नीचर एवं स्ट्रेचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने, डायलिसिस भवन के पूर्ण होने के बाद अतिरिक्त डायलिसिस मशीनें स्थापित करने, आईसीयू में आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की एसेसरिज उपलब्ध कराने, पार्किंग क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा सूचना व जनजागरूकता के लिए फ्लेक्स एवं बैनर लगाने के प्रस्तावों पर सहमति बनी।

### संवेदनशीलता व जवाबदेही के दिए निर्देश

बैठक में विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि जिला चिकित्सालय आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कार्मिकों को मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ मानवीय, संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रात्रिकालीन चिकित्सा सेवाओं में भी पूरी तत्परता व अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शक्तावत, जिला चिकित्सालय पीएमओ डॉ. राघव सिंह, चिकित्सालय उप नियंत्रक डॉ.के. आसिफ, नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र सिंघवी, मनीष तोलम्बिया, स्टोर प्रभारी मुकेश खंडेलवाल, हर्षवर्द्धन सिंह सहित आरएमआरएस सदस्य एवं चिकित्सालय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

युवाओं की चेतना से गूंजा विद्यालय परिसर

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का प्रेरक आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** शहर के नगर परिषद रोड़ स्थित राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के तहत भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ प्रधानाचार्य रोहित जैन ने अपने उद्बोधन में युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने तथा चरित्र निर्माण को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। मुकेश प्रजापति एवं दूध सिंह जी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन संघर्ष व विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन दिया। वहीं जीडी गोयंका हेल्थ केयर अकादमी के पीयूष ने आधुनिक करियर विकल्पों की जानकारी दी। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर निबंध, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध प्रतियोगिता में ईषिका हाल्दानिया ने प्रथम, लक्षित मींडल ने द्वितीय एवं निदा आमिना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में चित्रांशु सिंह नरूका प्रथम, सविता द्वितीय तथा रीना जांगिड़ तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में नक्श वर्धन सिंह चौहान ने प्रथम, तेजस्वि कुमावत ने द्वितीय एवं मोहम्मद अयान ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मीतू मिश्रा, कृष्ण गोपाल, पिंकी कुमावत, ज्योति शर्मा, लक्ष्मण राम प्रजापति, शर्मिला जैन, कंचन परिहार, विशाखा गौड़, सविता भाटी, नंद सिंह चौहान, मदन सिंह चौहान, प्रियंका गोयल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंच संचालन मुकेश प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के घोष के साथ हुआ।

विकास की रफ्तार पर कलेक्टर की सख्ती

## बजट घोषणाओं व फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा, समयबद्ध पूर्णता के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक शंकर सिंह रावत ने भी भाग लेकर अधिकारियों से विकास कार्यों को लेकर चर्चा की।

### जनहित में योजनाओं को धरातल पर उतारने पर जोर

बैठक में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने विभागवार जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को जनहित में तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### देलवाड़ा रोड कार्यों पर विशेष निर्देश -

माननीय विधायक द्वारा देलवाड़ा रोड पर चल रहे कार्यों, यूटिलिटी शिफ्टिंग एवं देवाता फीडर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कार्यों के दौरान विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त न हों, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए तथा नियमित निरीक्षण के लिए टीम गठित की जाए। बैठक में एसई पीडब्ल्यूडी व एसई पीएचईडी ने विभागीय प्रगति प्रस्तुत की। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी को मरम्मत एवं सुधार कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सफलता की कहानीः घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जातियों के उत्थान हेतु बडलियास में शिविर आयोजित, हितग्राहियों को मिले मौके पर लाभ

बढ़ता राजस्थान




**कोटड़ी (नि.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित घुमंतू सामुदायिक घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति के विकास की हेतु शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बडलियास में रखा गया । सोमवार को शिविर में घुमंतू जातियों के पहचान पत्र व सर्वे कर मौके पर ही 5 पात्र परिवारों को पट्टे वितरित किए गए एवं घुमंतू परिवारों को 14 पहचान पत्र जारी किए गए। घुमंतु परिवारों के आधार जन, आधार, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र तथा 21 परिवारों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना में बीमा फॉर्म तैयार करवाए गए। शिविर प्रभारी द्वारा 2 अक्टूबर से 26 जनवरी 2026 तक प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान के तहत गांव के स्वच्छता सैनिकों द्वारा आम रास्ता गली में बिखरी हुई थालियां संग्रहण कर नारायण लाल के परिवार के सदस्यों द्वारा 11 किलो प्लास्टिक लाए बदले में 11 किलो शक्कर वितरण की गई। जिससे लोगों में ग्राम पंचायत क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने की जागरूकता आई और लोगों द्वारा अनूठा नवाचार का प्रशंसा की ।अभियान /नवाचार राजस्थान का प्रथम नवाचार पंचायत समिति कोटडी लागू करने से क्षेत्र में सिंगल उसे कचरा में 25त्न की कमी आई है । कैंप में रामविलास मीणा विकास अधिकारी पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह राणावत, प्रशासक प्रकाश चंद्र रेगर व कार्यवाहक सहायक विकास अधिकारी बहादुर सिंह व ग्राम पंचायत आमा, सुठेपा, गेंदलिया के ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे एवं सुठेपा ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम चौधरीयास की कमला देवी गुर्जर कैंप में उपस्थित होकर पेंशन 7 माह से बंद होना बताया तो विकास अधिकारी द्वारा जानकारी लेकर तकनीकी कमी व रिकॉर्ड की पूर्ति कर मौके पर ही साथ माह की पुरानी पेंशन राशि 8050 रुपए एक साथ एसबीआई खाते में ट्रांसफर की स्वीकृति दी गई जिससे कमला देवी द्वारा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिविर व सरकार की प्रशंसा की वह खुश हुई तथा शिविर में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के परिवार के छप्पर योजना के तहत 100 परिवारों का चिन्हीकरण किया गया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर विद्या निकेतन विद्यालय का पथ संचलन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** स्थानीय विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय, निम्बाहेड़ा में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति पथ संचलन का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ऊंकार सिंह शक्तावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पथ संचलन का शुभारंभ पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा जिला अध्यक्ष विद्या भारती संस्थान ललित प्रकाश शारदा द्वारा किया गया। विद्यालय समिति के सदस्य प्रदीप मोदी एवं संस्था प्रधान ऊंकार सिंह शक्तावत द्वारा अतिथियों का तिलक व उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। पथ संचलन का प्रारंभ ध्वज पताका दिखाकर किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि कुमार उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान, भाजपा नगर मंडल मंत्री आशीष बोड़ाना, सुरेश अग्रवाल, अंतरिक्ष साहू भी उपस्थित रहे। पथ संचलन के दौरान सभी भैया-बहनों को स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों से अवगत कराया गया तथा ०उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' का उद्घोष किया गया। पथ संचलन शेखावत सर्कल, पंचोली चौराहा, मोती गेट, सब्जीमंडी चौराहा, रामद्वारा रोड एवं विवेकानंद सर्कल से होकर गुजरा, जहां दुर्गावाहिनी मातृ शक्तियों द्वारा पुष्पवर्षा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सुरेश सिंह रावत, लता सेन, लक्ष्मी लोट, पिंकी तेली, खुशबू शर्मा, अनीता धाकड़, दिपू धाकड़, सुनीता भदौरिया, संजना शर्मा, अरुणा कुंवर, करण सिंह शक्तावत, अशोक गर्ग सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं सेविकाएं कांता शर्मा एवं पारस मेघवाल उपस्थित रहीं। पथ संचलन के दौरान पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहा।

## युवा दिवस पर ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन ने किया शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** युवा दिवस के अवसर पर ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सोलंकी के निर्देशन मे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बुद्धाखेड़ा (कपासन) में शिविर आयोजित किया गया ।जिसमे अध्ययनरत विद्यार्थियों को युवा दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस शिविर में अधिवक्ता गोविंद सिंह पंवार द्वारा स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर मनाये जाने वाले युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों के बारे में बताकर जागरूक किया तथा युवा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी।

कांग्रेसजनों ने उनके विचारों, सिद्धांतों एवं जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें सच्चा मार्गदर्शक बताया

# स्वामी विवेकानंद जयंती एवं हाफिज़ मोहम्मद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजित

07

बढ़ता राजस्थान




भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)। भारत के महान विचारक, युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं पूर्व विधायक मांड़ल, पूर्व राज्य मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष, कांग्रेस स्वर्गीय हाफिज मोहम्मद की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को भीलवाड़ा स्थित गांधी भवन, कांग्रेस कार्यालय में एक भव्य एवं गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद एवं स्वर्गीय हाफिज़ मोहम्मद की तस्वीरों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके विचारों, सिद्धांतों एवं जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें सच्चा मार्गदर्शक बताया। श्रद्धांजलि सभा में शहर जिलाध्यक्ष शिवराम खटीक, कैलाश व्यास, अक्षय त्रिपाठी, धर्मेंद्र पारीक, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद जाकिर, संजय पेड़ीवाल, ज्ञानमल खटीक, मनोज पालीवाल, कुणाल ओझा, रामगोपाल पुरोहित, अनिल राठी, राजेंद्र जैन, मेवाराम खोईवाल, सत्यवीर सिंह राठौड़, निसार सिलावट, अशोक जैन, सुरेश बंब, जितेंद्र दरयानी सहित बड़ी संख्या में भीलवाड़ा शहर के सभी पूर्व व वर्तमान कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गांधी भवन कांग्रेसजनों से खचाखच भरा नजर आया और पूरे परिसर में श्रद्धा, सम्मान एवं एकजुटता का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा शहर के जिलाध्यक्ष शिवराम जीपी खटीक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, वहीं स्वर्गीय हाफिज़ मोहम्मद ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनहित, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उनका योगदान भीलवाड़ा ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, अधिकार और विकास पहुंचाने के लिए सतत संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# जेएलएफ में कार्तिकेय की बुक द अनबिकमिंग की होगी चर्चा

## कोविड से शुरू हुई लेखन यात्रा, बोले- भय और अपेक्षाएं ही दुख की जड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के रामबाग होटल में सोमवार को लेखक कार्तिकेय वाजपेयी अपनी नई पुस्तक द अनबिकमिंग के साथ पुस्तकप्रेमियों से रूबरू हुए। वाजपेयी ने कहा कि इस पुस्तक में दलाई लामा और स्वामी सर्वप्रियानंद की भूमिकाएं शामिल हैं। उनके योगदानों का उल्लेख पुस्तक की आध्यात्मिक और दार्शनिक प्रामाणिकता के प्रमाण के रूप में किया गया। इस पुस्तक को कार्तिकेय कोविड के समय से लिख रहे थे, जिसमें अध्यात्म, क्रिकेट और दार्शनिक अनुभव शामिल है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में इस पुस्तक पर चर्चा होगी। इस पुस्तक को कुछ समय पहले दिल्ली में वरिष्ठ राजनेता डॉ. कर्ण सिंह, डॉ. मुरली मनोहर जोशी,आचार्य पुंडरीक महाराज और गेशे दोरजी दामदुल ने लॉन्च किया था।

**लोग भय और उपेक्षाओं के कारण रहते हैं दुखी**–कार्तिकेय वाजपेयी ने कहा कि द अनबिकमिंग' इस समझ पर आधारित है कि हमारे अधिकांश दुःख का कारण उन पहचानों से चिपके रहना है, जो भय और अपेक्षाओं से गढ़ी जाती हैं। मूलतः यही वह एकमात्र तत्व है जो हमें एक व्यक्ति के रूप में सीमित करता है।

**दूसरों की ओर से थोपे गए नजरिए से खुद को कीजिए मुक्त**–इसलिए निराकार बनिए, विचारों से मुक्त रहिए और अपनी स्वयं-निर्मित छवि तथा दूसरों की ओर से थोपे गए नजरिए से खुद को मुक्त कीजिए। आधुनिक जीवन में आत्म-मंथन अत्यंत आवश्यक है। यह हमें स्पष्टता के साथ कर्म करने में सहायक होता है, साथ ही उपस्थिति और सजगता में स्थिर बनाए रखता है। इन्हीं विचारों को पुस्तक में शामिल किया गया है।

# यात्री की तबियत बिगड़ने पर जयपुर में विमान की इमरजेंसी-लैंडिंग

## दिल्ली से विजयवाड़ा जा रही थी फ्लाइट, पैसेंजर को निजी हॉस्पिटल में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की गई। ये विमान अपने निर्धारित समय पर विजयवाड़ा जा रहा था। लेकिन बीच में एक यात्री की विमान में तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद पायटल ने विमान को जयपुर डायवर्ट करते हुए यहां एयरपोर्ट पर उतारा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया का विमान एआई-2571 अपने निर्धारित समय पर दिल्ली से विजयवाड़ा के लिए उड़ान भरा। विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

तबीयत बिगड़ने पर विमान को नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारने का फैसला किया। विमान चूंकि जयपुर के नजदीक था तो उसे जयपुर एयरपोर्ट पर सुबह करीब 6.45 बजे एटीसी से संपर्क करने के बाद उतारा गया।

एटीसी को सूचना देने के बाद मेडिकल टीम भी एक्टिव हो गई और एम्बुलेंस लेकर टैक्सी-वे पर पहुंच गई। विमान जैसे ही रनवे पर उतरकर टैक्सी-वे पर पहुंचा वहां यात्री को उतारा गया और वापस विमान को विजयवाड़ा के लिए रवाना किया।

इधर यात्री को एयरपोर्ट पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जवाहर सर्किल के पास निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

# पंकज भार्गव का रिलीफ आर्टवर्क ऑपरेशन सिंदूर' विधानसभा में लगेगा

## स्टेच्यू में भारतीय सेना के शौर्य को दिखाया, विधानसभाध्यक्ष देवनानी को भेंट की कलाकृति

जयपुर।

राजस्थान विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी को मूर्तिकार पंकज भार्गव की ओर से निर्मित 'ऑपरेशन सिंदूर' रिलीफ स्टेच्यू भेंट की गई। इस अवसर पर विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने कृति की भाव-भंगिमा, तकनीकी उत्कृष्टता और राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत प्रस्तुति की सराहना की। इसे विधानसभा परिसर में ही स्थापित किया जाएगा। 15 जनवरी को सेना दिवस के तहत यह स्टेच्यू दी गई। मूर्तिकार पंकज भार्गव ने बताया- ऑपरेशन सिंदूर' रिलीफ स्टेच्यू के माध्यम से भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना के शौर्य, समर्पण और बलिदान को नमन किया गया। यह कृति देश की रक्षा में तैनात जवानों के प्रति कृतज्ञता, सम्मान और गौरव का सशक्त प्रतीक है, जो दर्शकों में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करती है।

पंकज भार्गव ने बताया- सबसे पहले विषय-वस्तु की संकल्पना के अनुरूप विस्तृत स्केच तैयार किया जाता है। इसके बाद क्ले (मिट्टी) में सूक्ष्म डिटेलिंग के साथ आकृति को आकार दिया जाता है। स्टेच्यू का स्वरूप पूर्ण होने पर उसका मदर मोल्ड तैयार किया जाता है। इसके माध्यम से फाइबर अथवा मेटल में कास्टिंग की जाती है। इसके बाद रंग-रोगन, टेक्सचर और फिनिशिंग के बाद कृति को अंतिम रूप दिया जाता है, ताकि भाव और संदेश दोनों स्पष्ट रूप से उभर सकें। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा- ऐसी कलाकृतियां केवल शिल्प नहीं, बल्कि इतिहास, बलिदान और राष्ट्र गौरव की जीवंत अभिव्यक्ति होती है। उन्होंने मूर्तिकार की रचनात्मकता और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा- 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी कृतियां नई पीढ़ी को देशसेवा और राष्ट्रप्रेम के प्रति प्रेरित करती हैं। जयपुर में प्रस्तावित सेना दिवस के ऐतिहासिक कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में 'ऑपरेशन सिंदूर' रिलीफ स्टेच्यू को विशेष महत्व मिल रहा है।

# जयपुर में वकील का किडनैप, मारपीट कर रुपए वसूले

## जिंदा छोड़ने के लिए पैसे मांगते रहे, पुलिस ने पीछा कर 7 को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एक वकील का किडनैप कर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। वकील के साथ चलती कार में जमकर मारपीट की गई। जिंदा छोड़ने के एवज में रिश्तेदारों से डिमांड कर रुपए वसूले गए। सांगानेर थाना पुलिस ने किडनैप हुए वकील को छुड़वाते हुए सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज कार व उनके मोबाइल भी जब्त किए हैं। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन ने बताया- किडनैपिंग के मामले में आरोपी शिवराज सैनी (25), फूल सिंह सैनी (26), रवि सैनी (20), पिंटू सैनी (25), बंटी राम सैनी (24), आशीष मीणा (25) और मलकेश सैनी (24) निवासी बामनवास सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी फूल सिंह सैनी जयपुर के महिन्द्र सेज में रहकर डीवी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की जॉब करता है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज कार और सभी के मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि सवाई माधोपुर के रहने वाले सभी आरोपी जयपुर में पार्टी करने आए हुए थे। 10 जनवरी की रात वकील मानवेन्द्र सिंह अपनी कार से मानसरोवर जा रहे थे।

कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद

# जनकल्याण के संकल्प को पूरा करने में कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण

## राज्य सरकार कार्मिकों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर - मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों की सेवाओं के माध्यम से ही राज्य सरकार जनकल्याणकारी नीतियों और कार्यक्रमों के लक्ष्यों को पूरा कर पाती है। महिला, युवा, मजदूर और किसान के कल्याण का मार्ग कार्मिकों की निष्ठा और समर्पण से ही प्राप्त हो सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कार्मिकों के कल्याण, उनके हितों की रक्षा और कार्य परिस्थितियों में सुधार के लिए सदैव तत्पर है। श्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्मिक राज्य प्रशासन के आधार हैं, और कर्मचारी संगठन इस आधार को और मजबूत करते हैं। राज्य सरकार इन संगठनों के माध्यम से प्राप्त प्रदेश के कार्मिकों की आशाओं, अपेक्षाओं और सुझावों को यथासंभव बजट में स्थान देने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग अपनी विभागीय समितियों के माध्यम से कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी प्रशासनिक मांगों पर चर्चा कर उनका यथासंभव निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं। कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए कार्मिक विभाग में कर्मचारी कल्याण अनुभाग का गठन भी किया गया है। वहीं, नियमों एवं पदोन्नति से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु भी समय-समय पर आवश्यक निर्णय लेकर कर्मचारियों को राहत प्रदान की जा रही है।

**लगभग 1 लाख पदों पर भर्ती का कैलेंडर जारी**–मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारी कल्याण के लिए अहम कार्य किए हैं। 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी भर्तियों के संकल्प को पूरा करने के लिए भर्ती प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। गत दो वर्षों में एक लाख से अधिक युवाओं को नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 52 हजार 453 और वाहन चालकों के 2 हजार 756 पदों पर भर्ती परीक्षाओं का आयोजन करवाया गया। वहीं, राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आज लगभग 1 लाख से अधिक पदों पर भर्तियों का कैलेंडर भी जारी किया गया है।



### सकारात्मक निर्णय, व्यापक राहत

श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारी संगठनों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय किए, जिससे व्यापक स्तर पर कार्मिकों और युवाओं को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रतीक्षा सूची की वैधता अवधि को 6 महीने बढ़ाकर एक साल करने के साथ ही मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों के लिए अनुकंपा नियुक्ति आवेदन की समय-सीमा को 90 दिन से बढ़ाकर 180 दिन किया गया है। वहीं, 31 दिसंबर 2022 से पहले अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले ऐसे कर्मचारी, जो निर्धारित अवधि में टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके थे, उन्हें दो अतिरिक्त अवसर प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों को पदोन्नति के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए निर्धारित अनुभव में 2 वर्ष की छूट प्रदान की है। वहीं, आरजीएचएस के अंतर्गत मेडिकल लाभ की सुविधा के लिए महिला एवं पुरुष कार्मिकों को अपने माता-पिता अथवा सास-ससुर में से किसी एक का विकल्प चुनने का अधिकार भी दिया गया है। बजट पूर्व संवाद में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत), अखिल राजस्थान राज्य आयुष नर्सेज महासंघ, राजस्थान निजी सहायक संवर्ग महासंघ, राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ, राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ, राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ, राजस्थान सचिवालय निजी सचिव एवं निजी सहायक संघ, राजस्थान सचिवालय सहायक कर्मचारी संघ, राजस्थान सचिवालय अधिकारी सेवा संघ, राजस्थान आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, भारतीय मजदूर संघ, अखिल राजस्थान दिव्यांग कर्मचारी महासंघ, राजस्थान पटवार संघ सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों एवं महासंघों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए और विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में निष्ठा और समर्पण से कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# राजस्थान में पारा -2 डिग्री बर्तनों में रखा पानी जम गया

## 11 जिलों के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ाईं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के कई इलाकों का पारा सोमवार को भी माइनस में दर्ज हुआ। झुंझुनूं, फलोदी, सीकर के फतेहपुर और पलसाना में बर्तनों में रखा पानी जम गया था। जैसलमेर, कोटपूतली- बहरोड़ सहित कई अन्य जिलों में गाड़ियों और फसलों पर ओस की बूंदें जम गई थीं। फतेहपुर और पलसाना में आज पारा माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जयपुर में सर्दी से एक की मौत हो गई।

उधर, कड़ाके की ठंड के कारण जयपुर समेत 11 जिलों के स्कूलों में छुट्टियां बढ़ा दी। साथ ही, कुछ जिलों में समय बदला गया है। रविवार को उदयपुर में घने कोहरे के कारण 7 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई थीं।

कल (रविवार) भी प्रदेश के कई इलाकों में पारा जमाव बिंदु और उससे भी नीचे चला गया था। जैसलमेर, नागौर, सीकर जिलों के कई इलाकों में बर्फ जम गई थी। रविवार को फतेहपुर (सीकर) में न्यूनतम तापमान -2 और नागौर में -1 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि हाड़ कंपाने वाली इस सर्दी का सितम अगले कुछ दिन और जारी रहने की संभावना है। 14 और 15 जनवरी के बाद ही कुछ राहत मिलने की संभावना है।





### जयपुर में सर्दी से एक की मौत

जयपुर के वैशाली नगर इलाके में शनिवार सुबह परिवहन नगर मोड़ पर पानी के नाले के ऊपर लाश पड़ी मिली थी। पुलिस ने शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। एसएचओ (वैशाली नगर) राजेश सिंह ने सर्दी से मौत की आशंका जताई है।

# आई-पीएसी छापेमारी विवाद ED का ममता पर दखल का आरोप

## सुप्रीम कोर्ट में कहा- हमसे सबूत छीनकर ले गई, मामले की सीबीआई जांच हो



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है।

जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। दरअसल, 8 जनवरी को श्वष्ठ ने अवैध कोयला खनन से जुड़े मामले की जांच के तहत कोलकाता में प्रतीक की पॉलिटिकल स्ट्रैटजिक कंपनी आई-पीएसी से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। ईडी ने आरोप लगाया कि रेड के दौरान सीएम, मुख्य सचिव, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और ईडी के अधिकारियों को डराया। फाइलें और इलेक्ट्रॉनिक सबूत जबरन छीन लिए गए और तलाशी नहीं करने दी गई।

ईडी का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। जब भी किसी जांच में मुख्यमंत्री या उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कोई अहम सबूत मिलने की संभावना होती है, तब उनकी सरकार और वरिष्ठ अधिकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में दखल देते हैं। यह घटना संविधान और कानून के शासन का अपमान है। जब्त किए गए सबूतों का किसी राजनीतिक दल की गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं था, बल्कि वे केवल अवैध कोयला खनन घोटाले से जुड़े थे।

# ईरान हिंसा- तेहरान के हॉस्पिटल के सामने लाशों का ढेर

## लोग अपने परिवार वालों को तलाश रहे; 15 दिन में 544 लोगों की मौतें

बढ़ता राजस्थान

तेहरान। ईरान में पिछले 15 दिन से हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी है। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

सीएनएन के मुताबित, ईरान की राजधानी तेहरान में एक हॉस्पिटल के बाहर लोगों की लाशों का ढेर पड़ा हुआ है। इस ढेर में कुछ लोग अपने परिवार वालों के लाशों की तलाश कर रहे हैं। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं।



### प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने का आरोप

इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइली की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की। घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।